cmyk

वर्ष : 18 अंक: 123 | ग्वालियर

बुधवार 04 जून 2025

पृष्ठ: 8 मूल्य: 2 रु.



दैनिक

मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, दिल्ली, राजस्थान, छत्तीसगढ़ से प्रकाशित

# चम्बल सुर्खी

उत्कृष्ट एवं सफल प्रकाशन के 37 वर्ष

निष्पक्ष एवं निर्भीक विचारों का प्रवक्ता

आज का तापमान
अधिकतम 33 डिग्री
न्यूनतम 25 डिग्री

## CDS अनिल चौहान का बड़ा खुलासा

# 48 घंटे जंग लड़ना चाहता था पाकिस्तान, लेकिन 8 घंटे में किया सरेंडर...

पुणे। (ए.)



सीडीएस अनिल चौहान ने सावित्रीबाई फुले पुणे विश्वविद्यालय के कार्यक्रम फ्यूचर वॉर्स एंड वारफेयर में हिस्सा लिया। इस दौरान उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर को लेकर बड़ा खुलासा किया है।

चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ने कहा, 10 मई को लगभग 1 बजे, पाकिस्तान का उद्देश्य 48 घंटों में भारत को अपने घुटनों पर लाना था। कई हमले किए गए और किसी तरह से, उन्होंने इस लड़ाई को बढ़ाने की कोशिश की। वहीं हमने केवल आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया था।

### पाकिस्तान को हुआ गलती का एहसास

सीडीएस ने आगे कहा, ऑपरेशन जो उन्होंने सोचा था कि 48 घंटे तक चलेगा, लगभग 8 घंटे में बंद हो गया और फिर उन्होंने टेलीफोन उठाया और कहा कि वे बात करना चाहते हैं। अनिल चौहान ने आगे कहा, पाकिस्तान को एहसास हो गया होगा अगर वो युद्द लड़ता है तो उसे हार ही मिलेगी।

जनरल अनिल चौहान ने कहा कि इस टकराव की शुरुआत पहलगाम में हुए आतंकी हमले से हुई थी। क्या आतंकवाद को युद्ध का सही तरीका माना जा सकता है? मुझे नहीं लगता, आतंकवाद इसका सही तरीका है, क्योंकि इसका कोई तय नियम नहीं है। उन्होंने आगे कहा कि हमारे दुश्मन भारत को नुकसान पहुंचाना चाहता था, लेकिन वो ऐसे करने में नाकाम रहा। अनिल चौहान ने आगे कहा, युद्ध उतना ही पुराना है, जितनी मानव सभ्यता। किसी भी तरह के युद्ध में दो महत्वपूर्ण तत्व होते हैं- हिंसा और हिंसा के पीछे की राजनीति... तीसरा तत्व है आपसी बातचीत, जो लगातार हो रही है। हमने आतंकवाद के खिलाफ नई रेखा खींची हैं।

# राज्यपाल ने तमिलनाडु सरकार के बिलों को मंजूरी दी

## CM स्टालिन बोले- गवर्नर सुप्रीम कोर्ट से डर गए; SC ने बिल रोकने को अवैध बताया था

चेन्नई (ए.)।



तमिलनाडु के राज्यपाल आरएन रवि ने सरकार की ओर से पारित 2 बिलों को मंजूरी दे दी है। इनसे 12,000 से ज्यादा दिव्यांगजनों को शहरी और स्थानीय निकायों में नामांकन का अधिकार मिलेगा। ये बिल लंबे समय से राजभवन में लंबित थे। राज्यपाल के इस फैसले पर मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने कहा- यह मंजूरी मिलनी ही थी। राज्यपाल को डर था कि अगर फिर से बिलों को रोका तो हम सुप्रीम कोर्ट चले जाएंगे। 8 अप्रैल को सुप्रीम कोर्ट ने तमिलनाडु गवर्नर और राज्य सरकार के मामले पर राज्यपाल के अधिकार की सीमा तय कर दी थी। बेंच ने कहा था- राज्यपाल के पास कोई वीटो पावर नहीं है। साथ ही सरकार के 10 जरूरी बिलों को राज्यपाल की ओर से रोके जाने को अवैध भी बताया था। कोर्ट ने कहा था कि यह मनमाना कदम है और कानून के नजरिए से सही नहीं है। राज्यपाल को राज्य की विधानसभा को मदद और सलाह देनी चाहिए थी। आदेश दिया कि विधानसभा से पास बिल पर राज्यपाल एक महीने के भीतर कदम उठाएं। सुप्रीम कोर्ट में तमिलनाडु सरकार की तरफ दायर याचिका पर सुनवाई हुई थी। इसमें कहा गया था कि राज्यपाल आरएन रवि ने राज्य के जरूरी बिलों को रोककर रखा है। बता दें कि केंद्रीय जांच ब्यूरो (CBI) में काम कर चुके पूर्व IPS अधिकारी आरएन रवि ने 2021 में तमिलनाडु के राज्यपाल का पद संभाला था।

### सुप्रीम कोर्ट ने राज्यपाल को 2 निर्देश दिए थे

सुप्रीम कोर्ट ने राज्यपाल को निर्देश दिया कि उन्हें अपने विकल्पों का इस्तेमाल तय समय-सीमा में करना होगा, वरना उनके उठाए गए कदमों की कानूनी समीक्षा की जाएगी। 2. कोर्ट ने कहा कि राज्यपाल बिल रोकें या राष्ट्रपति के पास भेजें, उन्हें यह काम मंत्रिपरिषद की सलाह से एक महीने के अंदर करना होगा। विधानसभा बिल को दोबारा पास कर भेजती है, तो राज्यपाल को एक महीने के अंदर मंजूरी देनी होगी। कोर्ट ने यह स्पष्ट किया कि वह राज्यपाल की शक्तियों को कमजोर नहीं कर रहा, लेकिन राज्यपाल की सारी कार्रवाई संसदीय लोकतंत्र के सिद्धांतों के अनुसार होनी चाहिए।

# ऑपरेशन सिंदूर पर I.N.D.I.A ब्लॉक की बैठक, 16 दल शामिल

## PM से संसद का विशेष सत्र बुलाने की मांग; AAP, NCP(शरद) शामिल नहीं हुई

नई दिल्ली (ए.)



ऑपरेशन सिंदूर पर संसद का विशेष सत्र बुलाने के लिए I.N.D.I.A ब्लॉक की मंगलवार को नई दिल्ली में बैठक हुई। इसमें 16 विपक्षी पार्टियों ने हिस्सा लिया। TMC सांसद डेरेक ओ ब्रायन ने जानकारी दी कि सभी दलों ने PM को पत्र लिखकर संसद का विशेष सत्र बुलाने की मांग की गई है। आम आदमी पार्टी (AAP) मीटिंग में शामिल नहीं हुई। डेरेक ने बताया कि AAP बुधवार को प्रधानमंत्री को अलग से चिट्ठी भेजेगी।

बैठक में कांग्रेस, समाजवादी पार्टी, तृणमूल कांग्रेस (AITC), द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (DMK), शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे), राष्ट्रीय जनता दल (RJD), जम्मू-कश्मीर नेशनल कॉन्फ्रेंस, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी), इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग (IUML), भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (CPI), रिवोल्यूशनरी सोशलिस्ट पार्टी (RSP), झारखंड मुक्ति मोर्चा (JMM), विदुथलाई चिरुथैगल काची (VCK), केरल कांग्रेस, मरुमलार्ची द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (MDMK), और भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी-लेनिनवादी) लिबरेशन शामिल हुईं। ऑपरेशन सिंदूर और आतंकवाद के खिलाफ भारत का पक्ष दुनिया के सामने रखने के लिए केंद्र सरकार ने 7 ऑल पार्टी डेलिगेशन को वर्ल्ड टूर पर भेजा है। इस हफ्ते के अंत तक सभी डेलिगेशन वापस भारत लौट जाएंगे। विपक्ष उनके लौटने के बाद अगले हफ्ते विशेष सत्र में इस मुद्दे पर बहस की मांग कर रहा है।

## बाढ़-लैंडस्लाइड से नॉर्थ-ईस्ट राज्यों में 37 लोगों की मौत

नई दिल्ली/अगरतला/इम्फाल

देश के पूर्वोत्तर राज्यों में 29 मई को मानसून ने दस्तक दी थी। 5 दिन बीतने के बाद भी मानसून वहीं ठहरा हुआ है। इसके चलते मणिपुर, असम, अरुणाचल प्रदेश, त्रिपुरा, मेघालय, मिजोरम और सिक्किम में तेज बारिश हो रही है। आज MP-राजस्थान समेत 20 राज्यों में बारिश का अलर्ट है।

नॉर्थ-ईस्ट राज्यों में बाढ़-लैंडस्लाइड से अब तक 36 लोगों की मौत हो चुकी है। असम के 22 जिलों में 5.35 लाख से ज्यादा लोग बाढ़ से प्रभावित हैं और अब तक 11 लोगों की मौत हुई है। 15 नदियां उफान पर हैं। सड़क, रेल और बोट सर्विस प्रभावित है। कुल 165 राहत शिविरों में 31 हजार 212 लोग ठहराए गए हैं।

# जननायकों के उत्कृष्ट कार्य एवं जीवंत पक्ष से अवगत करायेंगे समाज को: मुख्यमंत्री

प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में विरासत भी और विकास भी" की दिशा में निरंतर बढ़ता मध्यप्रदेश - मुख्यमंत्री डॉ. यादव

पचमढ़ी में विकास के द्वार खुलेंगे

मुख्यमंत्री ने पचमढ़ी में 33 करोड़ से अधिक के पर्यटन विकास के कार्यों का किया लोकार्पण और शिलान्यास

पचमढ़ी उद्यान अब राजा भभूत सिंह उद्यान के नाम से जाना जायेगा




भोपाल ब्यूरो।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में प्रदेश विरासत भी और विकास भी की दिशा में निरंतर आगे बढ़ रहा है। प्रदेश को गौरवान्वित करने वाले जननायक की कर्मभूमि में कैबिनेट बैठकें और प्रमुख कार्यक्रम आयोजित कर विकास के संकल्प को और अधिक मजबूत किया जा रहा है। गोंडवाना की रानी दुर्गावती, मालवा में महाराजा विक्रमादित्य, निमाड़ की रानी लोकमाता अहिल्याबाई और अब जननायक राजा भभूत सिंह जी के द्वारा किए गए उत्कृष्ट कार्यों और स्वर्णिम पक्षों को समाज के समक्ष जीवंत किया जा रहा हैं। मुख्यमंत्री डॉ यादव मंगलवार को पचमढ़ी में होटल अमलतास में आयोजित पर्यटन विकास निगम के विभिन्न विकास कार्यों के लोकार्पण और शिलान्यास कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने 33 करोड़ से अधिक के पर्यटन विकास के कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि पचमढ़ी उद्यान अब राजा भभूत सिंह उद्यान के नाम से जाना जाएगा। इसी प्रकार पचमढ़ी शासकीय महाविद्यालय का नाम भी राजा भभूत सिंह महाविद्यालय होगा। उन्होंने पचमढ़ी में जनजातीय संग्रहालय बनाने और कोरकू समाज के पवित्र स्थल पर प्रतीक्षालय और टीनशेड बनाने की घोषणा की। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि नर्मदापुरम में लॉजिस्टिक पार्क बनाने का निर्णय लिया गया हैं। ये पार्क क्षेत्र में विकास की नई सौगात लेकर आएगा।

# पाकिस्तान जाने से पहले-आने के बाद काशी गई यूट्यूबर ज्योति

### PM ने जिस वंदे भारत को हरी झंडी दिखाई, उसमें भी सवार थी; NIA वाराणसी लाएगी



**वाराणसी** यूट्यूबर ज्योति मल्होत्रा को NIA काशी लेकर आएगी। अभी तक की जांच में ज्योति के पाकिस्तान और काशी के बीच मूवमेंट का चौंकाने वाला ट्रेंड सामने आया है। 2022 के बाद ज्योति 4 बार पाकिस्तान गई, लेकिन इस विजिट से पहले या बाद में वह काशी जरूर गई। ज्योति ने इसके वीडियो अपने चैनल ट्रैवल विद जो पर पोस्ट किए हैं। ज्योति काशी की विजिट बार-बार क्यों कर रही थी? क्या किसी के कहने पर चुनिंदा स्पॉट के वीडियो बनाकर पोस्ट किए गए? इन सवालों के जवाब जानने NIA वाराणसी पहुंची। गिरफ्तारी के बाद एजेंसी ने ज्योति को हिसार की सेंट्रल जेल के बैरक नंबर दो में रखा है। दरअसल, ज्योति का परिवार भारत-पाक बंटवारे में पाकिस्तान से संयुक्त पंजाब के फरीदकोट में आकर बसा था।

# कनिमोझी बोलीं- भारत की राष्ट्रीय भाषा है एकता और विविधता: स्पेन में कहा- यही संदेश हमारा डेलिगेशन दुनिया को देने आया है

मैड्रिड (ए.)



भारत के ऑल पार्टी डेलिगेशन की अगुआई कर रहीं DMK सांसद कनिमोझी ने स्पेन में कहा कि भारत की राष्ट्रीय भाषा एकता और विविधता है। उन्होंने कहा कि यही संदेश यह प्रतिनिधिमंडल दुनिया को देने आया है। दरअसल, स्पेन में भारतीय समुदाय को संबोधित करते हुए उनसे पूछा गया कि भारत की राष्ट्रीय भाषा क्या है। इसके जवाब में कनिमोझी ने कहा, भारत की राष्ट्रीय भाषा है एकता और विविधता। यही सबसे जरूरी संदेश है जो आज दुनिया तक पहुंचाना चाहिए। कनिमोझी का यह बयान ऐसे समय में आया है जब हाल ही में DMK केंद्र सरकार की नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में शामिल तीन-भाषा फॉर्मूले का विरोध कर चुकी है। स्पेन में कनिमोझी के नेतृत्व में भारत का ग्रुप-6 डेलिगेशन स्पेन के विदेश मंत्री जोसे मैनुएल अल्बारेस से भी मिला। स्पेन में भारतीय दूतावास ने जानकारी दी कि इस मुलाकात में भारतीय प्रतिनिधिमंडल ने आतंकवाद के खिलाफ भारत की लड़ाई और अप्रैल 22 को पहलगाम में हुए आतंकी हमले पर भारत की स्थिति की जानकारी स्पेन को दी। विदेश मंत्री अल्बारेस ने कहा कि स्पेन भारत की आतंकवाद विरोधी लड़ाई में पूरी तरह से उसके साथ खड़ा है। उन्होंने यह भी कहा कि आतंकवाद कभी जीत नहीं सकता और दुनिया में शांति सबसे जरूरी है।

# कन्नड़ भाषा विवाद: कमल हासन ने माफी मांगने से किया इनकार, बोले- कर्नाटक में नहीं रिलीज करेंगे फिल्म

नई दिल्ली। (ए.)



नई दिल्ली। तमिलनाडु के अभिनेता और राजनेता कमल हासन ने कर्नाटक उच्च न्यायालय में अपना पक्ष रखने का फैसला किया है। उन्होंने अपने उस बयान के लिए माफी मांगने से इनकार कर दिया है जिसमें उन्होंने कहा था कि कन्नड़ भाषा तमिल से पैदा हुई है।

उनके इस बयान के बाद कर्नाटक में उनकी भारी आलोचना की जा रही है। इसे देखते हुए कमल हासन ने अपनी फिल्म ठग लाइफ को फिलहाल कर्नाटक में रिलीज नहीं करने का भी फैसला किया है। बता दें इस फिल्म को बैन करने की लगातार मांग हो रही है।

कमल हासन के वकील ने अदालत में कहा, कमल हासन कन्नड़ का बहुत सम्मान करते हैं और इस बारे में और कुछ कहने की जरूरत नहीं है उन्होंने माफी मांगने से इनकार कर दिया। इस पर अदालत ने जवाब दिया, यह आपका अहंकार बोल रहा है।

# वक्फ संपत्तियों के रजिस्ट्रेशन के लिए पोर्टल लॉन्च करेगी सरकार

### 6 जून को लॉन्च होगा उम्मीद पोर्टल; 6 महीने के अंदर सभी संपत्तियों का रजिस्ट्रेशन जरूरी

नई दिल्ली (ए.)




केंद्र सरकार 6 जून को उम्मीद पोर्टल लॉन्च करने जा रही है। इसका मकसद वक्फ संपत्तियों के बेहतर प्रबंधन और पारदर्शिता को बढ़ावा देना है। उम्मीद का पूरा नाम है- यूनिफाइड वक्फ मैनेजमेंट, एम्पावरमेंट, एफिशिएंसी और डेवलपमेंट। यह एक सेंट्रल पोर्टल होगा, जिस पर देशभर की वक्फ संपत्तियों को रजिस्टर किया जाएगा।

सूत्रों के मुताबिक, पोर्टल लॉन्च होने के छह महीने के भीतर सभी वक्फ संपत्तियों को रजिस्टर करना अनिवार्य होगा। इस पर संपत्तियों का पूरा विवरण देना होगा, जैसे- लंबाई, चौड़ाई और जियो टैग की गई लोकेशन। अगर किसी संपत्ति का नाम किसी महिला के नाम पर दर्ज है, तो उसे वक्फ संपत्ति घोषित नहीं किया जा सकेगा।

रजिस्ट्रेशन के लिए दो महीने का अतिरिक्त समय दिया जा सकता है रजिस्ट्रेशन का काम संबंधित राय वक्फ बोर्ड करेंगे। अगर किसी वजह से तकनीकी या अन्य कारणों से समय पर रजिस्ट्रेशन नहीं हो पाया, तो 1 से 2 महीने की अतिरिक्त मोहलत दी जा सकती है। लेकिन अगर फिर भी संपत्ति रजिस्टर्ड नहीं होती, तो उसे विवादित मानते हुए वक्फ ट्रिब्यूनल के पास भेजा जाएगा।

वक्फ संपत्तियों से मिलने वाले फायदों का अहम मकसद महिलाओं, बचों और कमजोर वर्गों को मदद देना रहेगा। यह पोर्टल हाल ही में पास हुए वक्फ (संशोधन) बिल, 2025 के तहत लॉन्च किया जा रहा है। यह बिल संसद में बहस के बाद पास हुआ था और 5 अप्रैल को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने इसकी मंजूरी दी थी।

# अहमदाबाद में 24 घंटे में कोरोना के 60 केस: देश में एक्टिव केस 4 हजार पार

नई दिल्ली/मुंबई/बेंगलुरु (ए.)

## महाराष्ट्र में दो की जान गई; अब तक 38 मौतें




देश में कोरोना के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। गुजरात के अहमदाबाद में पिछले 24 घंटे में कोरोना के 60 केस मिले हैं। राजकोट में SP हिमकर सिंह भी कोरोना पॉजिटिव हैं। वे फिलहाल होम आइसोलेशन में हैं।

देशभर में पिछले 24 घंटे के दौरान कोरोना से 5 लोगों की मौत भी हुई है। इनमें केरल, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल में एक-एक और महाराष्ट्र में दो मौतें हुई हैं। जनवरी से अब तक देश में कोरोना से 38 मौतें हो चुकी हैं। इनमें से 31 की मौत बीते 4 दिन में हुई हैं। महाराष्ट्र में सबसे ज्यादा 10 मौतें हुई हैं। भारत में कोरोना मरीजों का आंकड़ा 4 हजार के पार हो गया है। अभी देश में कुल 4,026 एक्टिव केस हैं। इनमें 50% केस सिर्फ महाराष्ट्र और केरल में है। केरल में सबसे ज्यादा 1,446 एक्टिव केस हैं। इसके बाद महाराष्ट्र में 494, गुजरात में 397 और दिल्ली में 393 मामले हैं। देश में 22 मई से कोरोना के मामले लगभग 15 गुना बढ़े हैं। 22 मई को देश में सिर्फ 257 एक्टिव मामले थे। 31 मई तक यह आंकड़ा बढ़कर 3,395 हो गया था। उसके बाद से केस लगातार बढ़ रहे हैं। 2700 मरीज ठीक भी हुए हैं।

हाईकोर्ट ने कहा- कोविड की अगली महामारी अभी खत्म नहीं हुई दिल्ली हाईकोर्ट ने सोमवार को कहा- कोविड की अगली महामारी अभी खत्म नहीं हुई है, बल्कि यह अभी भी एक्टिव है। कोर्ट ने केंद्र सरकार से सैंपल कलेक्शन सेंटर और ट्रांसपोर्ट पॉलिसी को लेकर की गई तैयारियों की जानकारी मांगी है। कोर्ट ने कहा कि 30 मई 2023 को हुई बैठक के बाद जो भी निर्णय लिए गए, उन्हें लागू करने में अगर कोई खालीपन है तो यह गंभीर मामला है।

# बच्चों को मिलेगा स्पोन्सरशिप योजना में लाभ

## अनुग्रह राशि की मांग लेकर आई महिला को बताया खाते में पहुंची राशि, जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित




**श्योपुर ब्यूरो।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा द्वारा दिये गये निर्देशानुसार कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री अतेन्द्र सिंह गुर्जर द्वारा जनसुनवाई करते हुए आवेदको की समस्याओं के निराकरण के संबंध में अधिकारियों को निर्देश दिये गये। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित जनसुनवाई के दौरान कुल 212 आवेदन प्राप्त हुए। जनसुनवाई में डिप्टी कलेक्टर श्री संजय जैन सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहें।सीईओ जिला पंचायत श्री अतेन्द्र सिंह गुर्जर द्वारा जनसुनवाई के दौरान दो बच्चों को मिशन वात्सल्य अंतर्गत स्पोन्सरशिप योजना का लाभ देने के निर्देश महिला बाल विकास अधिकारी को दिये गये। महिला श्रीमती ज्योति बाथम निवासी वार्ड 20 ने अवगत कराया कि उसके पति की मृत्यु हो चुकी है तथा परिवार में बच्चों का भरण पोषण करने वाला कोई नही है। उसके दो बच्चे है, इस पर सीईओ जिला पंचायत श्री अतेन्द्र सिंह गुर्जर द्वारा बच्चों के नाम स्पोन्सरशिप योजना में जोडकर 4-4 हजार रूपये प्रतिमाह लाभ दिये जाने के निर्देश दिये। सीईओ जिला पंचायत श्री अतेन्द्र सिंह गुर्जर द्वारा मुख्यमंत्री जनकल्याण संबल योजना अंतर्गत अनुग्रह राशि प्रदान किये जाने की मांग से संबंधित आवेदन का मौके पर ही निराकरण करते हुए हितग्राही महिला श्रीमती रामप्रकाशी को अवगत कराया कि दो लाख रूपये की राशि बैंक खाते में जारी कर दी गई है। ग्राम लीलदा निवासी महिला ने आवेदन प्रस्तुत किया था कि उसके पति स्व. श्री सतीश रावत की मृत्यु हो गई थी, संबल योजना के तहत अनुग्रह राशि प्रदान की जायें, उक्त आवेदन के परीक्षण उपरांत महिला को जानकारी दी गई कि बैंक खाते में राशि जारी हो चुकी है। इसी प्रकार सीईओ जिला पंचायत श्री अतेन्द्र सिंह गुर्जर द्वारा ग्राम किशनपुरा निवासी श्री मोहर सिंह के अनुग्रह सहायता राशि प्रदान किये जाने संबंधी आवेदन पर हितग्राही को जानकारी दी गई कि प्रकरण स्वीकृत करने की कार्यवाही की जा रही है, स्वीकृति के उपरांत शीघ्र ही ईपीओ जारी किया जायेगा।

# जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत बावडियों के संरक्षण का कार्य जारी

## जीर्णोद्धार से बावडियों को मिला पुर्नजीवन, बावडी उत्सव 5 जून को

**श्योपुर ब्यूरो।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा के मार्गदर्शन में जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत जिले में मौजूद बावडियों के जीर्णोद्धार एवं संरक्षण का कार्य किया जा रहा है। इससे इन प्राचीन जल संरचनाओं को पुर्नजीवन मिला है। प्रशासन की इस अनुठी पहल से प्राचीन बावडियों को सहेजने एवं संवारने का कार्य किया जा रहा है। झाडो और मिट्टी से ढंकी बावडियों की साफ-सफाई कर उन्हें आकर्षक और उपयोगी बनाने का कार्य मनरेगा योजना के तहत उक्त अभियान अंतर्गत किया जा रहा है। जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत 5 जून को बावडी उत्सव का आयोजन किया जायेगा। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा की पहल पर रायपुरा, सोईकला, पहेला एवं बर्धा बुजुर्ग सहित अन्य बावडियों का नवीनीकरण किये जाने से यह बावडियां अब लोगों के आकर्षण का केन्द्र बन रही है। वर्षा पूर्व बावडियों की साफ-सफाई और पानी संग्रहण के लिए प्राकृतिक जल स्त्रोतों की सफाई से उम्मीद है कि बावडियों में पर्याप्त मात्रा में वर्षाजल एकत्रित होगा, जिसका लाभ क्षेत्रीय ग्रामीणों को तो मिलेगा ही, बल्कि यह बावडियां भू-जल स्तर बढाने में भी सहायक होंगी। सीईओ जिला पंचायत श्री अतेन्द्र सिंह गुर्जर ने बताया कि अभियान अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्र स्थित 24 बावडियों की साफ-सफाई एवं जीर्णोद्धार का कार्य लिया गया है। उन्होने बताया कि अगरा-मदनपुर, पहेला, खिरखिरी, बावडीचापा, बरदुला, बर्धाबुजुर्ग, सोईकला, बगडूआ, जैदा, गुरनावदा, फिलोजपुरा, कुण्डहवेली, छीपाओ की बावडी सोईकला, बारह गांव की बावडी जावदेश्वर, खाती की बावडी लुहाड, तकीया बावडी लुहाड, चोडपुर की बावडी मठेपुरा, ननावद की बावडी, रतोदन, रायपुरा, सावलिया जी की बावडी अजापुरा, जैदा बावडी, जाटखेडा बावडी एवं रामेश्वर की बावडी मानपुर के जीर्णोद्धार के कार्य शामिल किये गये है। इसी प्रकार शहरी क्षेत्र श्योपुर, बडौदा में भी 17 बावडियों को जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत सूचीबद्ध किया गया है। इसमें सब्जीमंडी स्थित बावडी, राजा मनोहरदास की बावडी, शीतला माता बावडी पारख जी बाग, सोहन बावडी, बीबीजी की बावडी, शिव बावडी, बडौदा कुण्ड सहित कुल 17 बावडियां अभियान के तहत चिन्हित की गई है।

**अभियान के तहत निखरी रायपुरा, बर्धा बुजुर्ग, सोईकला, पहेला की बावडियां**

श्योपुर जिले में बावडी निर्माण जल स्त्रोत के रूप में



प्राचीन काल से ही होता रहा है, वर्तमान में जो बावडियां जिले में विद्यमान है, वे छटवी-सातवी सदी से लेकर 18वी सदी के मध्य निर्मित हुई है, इनमें से अधिकांश बावडियां 16वी-17वी सदी की है। वास्तु प्रकार के आधार पर देखे तो श्योपुर की अधिकांश बावडियां नंदा बावडियों की श्रेणी में आती है, इनमें आवागमन एक ही रास्ते से होता है। जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत रायपुरा एवं बर्धा बुजुर्ग सहित अन्य बावडियों को निखारने का कार्य सतत् रूप से जारी है। श्योपुर पाली रोड पर ग्राम रायपुरा में गोड राजा इंदर सिंह के दीवान श्री शिवनाथ जी कायस्थ गोड ने सन् 1734 में एक बावडी का निर्माण करवाया था, शिलालेख के अनुसार उन्होने अपने नाम पर गांव शिवनाथपुर बसाया, जो अब रायपुरा कहलाता है। वर्तमान में बावडी की साफ-सफाई एवं जीर्णोद्धार कर बावडी का नवीनीकरण किया गया है। इसी प्रकार श्योपुर से 6 किलोमीटर दूर ग्राम बर्धा बुजुर्ग में भी एक बावडी का निर्माण श्योपुर के गौड राजाओं के शासनकाल में करवाया गया था। इस बावडी को भी जीर्णोद्धार कर संवारने का कार्य किया गया है। इसी प्रकार श्योपुर से 11 किलोमीटर दूर स्थित ग्राम सोई में छीपाओं की बावडी को संवारने का कार्य भी किया जा रहा है। जिला पंचायत में मनरेगा के परियोजना अधिकारी श्री विक्रम जाट ने बताया कि अभियान के तहत ग्रामीण क्षेत्र में स्थित बावडियों की केवल साफ-सफाई की जा रही है, बल्कि रंग रोगन कर उन्हें निखारने का कार्य भी किया जा रहा है। उन्होने बताया कि जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत 5 जून को सायंकालीन समय में ग्राम रायपुरा स्थित बावडी पर बावडी उत्सव का आयोजन किया जायेगा।

# मध्यप्रदेश की 15 स्वास्थ्य संस्थाओं में जिले की 03 स्वास्थ्य संस्थाएं सर्टिफिकेशन से सम्मानित

## स्वास्थ्य के क्षेत्र में 7 सर्विस पैकेज के मूल्यांकन में चुनी गई संस्थाएं



**श्योपुर ब्यूरो।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा द्वारा श्योपुर जिले में स्वास्थ्य सेवाओं में किये जा रहे निरंतर सुधारों के चलते एनक्यूएएस कार्यक्रम के अंतर्गत श्योपुर जिले के तीन आयुष्मान आरोग्यम मंदिर उप स्वास्थ्य केन्द्रों को भारत सरकार ने 7 सर्विस पैकेज अंतर्गत कराये गये मूल्यांकन के आधार पर एनक्यूएएस सर्टीफिकेशन से सम्मानित करने के लिए चुना है। यह तीन आयुष्मान आरोग्यम मंदिर सह सब हेल्थ सेंटर श्यामपुर, जानपुरा, आमेठ है। विशेष बात यह है कि स्वास्थ्य के क्षेत्र में 7 सर्विस पैकेज के आधार पर मध्यप्रदेश में कुल 15 संस्थाएं इस सम्मान के लिए चयनित की गई है। सीएमएचओ डॉ. दिलीप सिकरवार ने बताया कि कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा के मार्गदर्शन में स्वास्थ्य संस्थाओं में बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के प्रयास जारी है। इसी क्रम में इन संस्थाओं का मूल्याकंन भारत सरकार से नामित सदस्यों डॉ. नूर उस्साबह चंडीगड एवं डॉ. हेमलता सारस्वत जयपुर द्वारा किया गया। यह मूल्याकंन 7 सर्विस पैकेज अंतर्गत शामिल सेवाओं मातृत्व एवं नवजात शिशु स्वास्थ्य सेवायें, शिशु एवं बालकाल्य स्वास्थ्य सेवायें, किशोर स्वास्थ्य, परिवार नियोजन, संचारी -असंचारी रोग, स्क्रीनिंग ओपीडी सेवाओं को लेकर दिया गया। भारत सरकार की रिपोर्ट के आधार पर हेल्थ वेलनेस आरोग्य मंदिर श्यामपुर को 83.82 प्रतिशत अंक, जानपुरा को 91.46 प्रतिशत अंक, आमेठ को 92.89 प्रतिशत अंक के साथ सर्टीफिकेशन से सम्मानित किया गया। इन संस्थाओं को एनएचएम मध्यप्रदेश द्वारा प्रत्येक को 1 लाख 26 हजार रूपये की राशि प्रमाणित स्वास्थ्य सुविधाओं के अनुशंसित क्षेत्रों पर काम करने के प्रयास एवं बेहतर स्वास्थ्य सेवायें उपलब्ध कराने हेतु दी जाएगी। भारत सरकार द्वारा बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता के प्रमाणपत्र मिलने पर जिले में पदस्थ एनक्यूएएस टीम डॉ हेमंत रावत, डॉ. विकास सिंह जालौरिया, बीएमओ, सीएचओ सहित एएनएम, आशा कार्यकर्ता आदि बधाई के पात्र है।

# एक्सीलेंस स्कूल में कक्षा 9वी की रिक्त सीटों पर प्रवेश परीक्षा के लिए आवेदन 9 तक

**श्योपुर ब्यूरो।** जिला स्तरीय उत्कृष्ट विद्यालय श्योपुर में कक्षा 9वी की रिक्त सीटों पर प्रवेश के लिए परीक्षा आयोजित की जायेगी। इस परीक्षा में शामिल होने के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 9 जून सोमवार नियत की गई है। प्राचार्य श्री सीताराम आदिवासी ने बताया कि विद्यालय की कक्षा 9वी में राज्य स्तर से आयोजित परीक्षा में चयनित होने के पश्चात् शेष रिक्त सीटो पर प्रवेश हेतु विद्यार्थियों से आवेदन आमंत्रित किये गये है। स्थानीय स्तर पर प्रवेश परीक्षा का आयोजन 9 जून को विद्यालय में किया जायेगा। परीक्षा में भाग लेने के लिए 8वी कक्षा में न्यूनतम 50 प्रतिशत अंको के साथ उर्तीण होना आवश्यक है। विद्यालय में प्रवेश के लिए प्रवेश परीक्षा में न्यूनतम 33 प्रतिशत अंक लाना होंगे। ऐसे छात्र जो 9वी कक्षा में प्रवेश लेना चाहते है वे प्रवेश परीक्षा के माध्यम से प्रवेश ले सकते है। प्रवेश परीक्षा में शामिल होने के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 9 जून नियत की गई है। इच्छुक विद्यार्थी अथवा अभिभावक विद्यालय से प्रवेश फार्म प्राप्त कर विद्यालय में जमा करा सकते है। उन्होने बताया कि कक्षा 9वी में लगभग 50 सीटे शेष है, जिन पर प्रवेश परीक्षा में प्राप्त अंको के आधार पर मैरिट सूची अनुसार प्रवेश दिया जायेगा। उन्होने बताया कि जिला स्तरीय शासकीय उत्कृष्ट उमावि श्योपुर में छात्र-छात्राओं के लिए पृथक-पृथक हॉस्टल की सुविधा भी उपलब्ध है।

# जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत सूखाखारा में नाले पर हुआ बोरीबन्धान

**श्योपुर ब्यूरो।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा के मार्गदर्शन एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री अतेंद्र सिंह गुर्जर के निर्देशन में मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा संपूर्ण जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत जल संरक्षण के लिए विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी तारतम्य में कराहल विकासखंड के कराहल ग्राम में जिला समन्वयक श्रीमती नेहा सिंह, ब्लॉक समन्वयक श्रीमती नीतू सिंह नवांकुर संस्था सरस्वती महिला मंडल एवं शिक्षा प्रसार समिति व जिले के वरिष्ठ समाजसेवी श्री देवकीनंदन पालीवाल के सहयोग से सूखा खारा नाले पर बोरी बंधान कर श्रमदान किया गया। बोरी बंधान के कार्य से नाले में पानी का संग्रहण होगा जिससे भूजल स्तर बढ़ेगा। इस कार्यक्रम के उपरांत पारोंद ग्राम में जल गोष्ठी का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में मुख्य रूप से समाजसेवी श्री देवकीनन्दन पालीवाल, श्री पप्पू पालीवाल, सचिव श्री अवतार सिंह, श्री लाखन सिंह, मेन्टर्स श्री दिलीप पटेलिया, श्री वीर सिंह जाटव, नवांकुर सरस्वती महिला मंडल प्रतिनिधि श्री दीपक गुप्ता एवं ग्रामीणजन सम्मिलित हुए।



# सीएम राईज में कक्षा 11 की रिक्त सीटो पर आवेदन 4 जून से

**श्योपुर ब्यूरो।** शासकीय सांदीपनी सीएम राईज विद्यालय श्योपुर की कक्षा 11 के विभिन्न संकायो में रिक्त सीटो पर प्रवेश हेतु आवेदन लेने की प्रक्रिया 4 जून से शुरू होगी। प्राचार्य श्री अशोक खण्डेलवाल ने बताया कि कक्षा 11 के वाणिज्य संकाय में 30, गणित एवं जीव विज्ञान संकाय में 20-20 सीटो पर हिन्दी व अंग्रेजी माध्यम के लिए प्रवेश दिये जायेंगे। इसके साथ ही कला संकाय के लिए हिन्दी मिडियम में 30 सीटो पर प्रवेश की प्रक्रिया होगी। उक्त रिक्त सीटो पर प्रवेश के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 11 जून निर्धारित की गई है। रिक्त सीटो से अधिक आवेदन आने पर प्रवेश की प्रक्रिया 13 जून को लॉटरी के माध्यम से अपरान्ह 3 बजे की जायेगी।

# 9 गांवो में पहुंचा कृषि वैज्ञानिक एवं अधिकारियों का दल, विकसित कृषि संकल्प अभियान अंतर्गत किसानों को दी जानकारी



**श्योपुर ब्यूरो।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा के मार्गदर्शन में श्योपुर जिले में विकसित कृषि संकल्प अभियान अंतर्गत गठित टीमों द्वारा किसानों को गांव-गांव जाकर खेती, किसानी की उन्नत तकनीको एवं नवाचारों से अवगत कराया जा रहा है। कृषि वैज्ञानिक डॉ कायम सिंह ने बताया कि इसी क्रम में निर्धारित कार्यक्रम अनुसार कृषि विज्ञान केन्द्र बड़ौदा के वैज्ञानिको सहित कृषि, पशुपालन, मत्स्य, उद्यानिकी विभाग के अधिकारियों तथा प्रगतिशील कृषको, एफपीओ के प्रतिनिधियों की टीम द्वारा विकासखण्ड श्योपुर के ग्राम जैदा, इच्छापुरा एवं नगदी में पहुंचकर 219 किसानों के मध्य मध्यप्रदेश शासन के द्वारा चलाई जा रही किसान हितेषी योजनाओं एवं कृषि की उन्नत तकनीकी को विस्तार से समझाया गया। विकासखण्ड कराहल के दल द्वारा ग्राम बुढेरा, डोब एवं सिमरोनिया में पहुंचकर 273 किसानों को जानकारी प्रदान की गई। इसी प्रकार विकासखण्ड विजयपुर के दल द्वारा ग्राम सिमरई, नयागांव एवं सारंगपुर ग्रामों के मध्य पहुंचकर 260 किसानों को योजनाओं के संबंध में अवगत कराया गया और खरीफ फसल की विभिन्न किस्मो सहित फसलो के विविधिकरण एवं रासायनिक खाद के संतुलित उपयोग की जानकारी देते हुए प्राकृतिक खेती के लिए प्रोत्साहित किया गया। इसके साथ ही किसानों को मिट्टी परीक्षण एवं उसके महत्व, नरवाई न जलानें एवं उससे होने वाले नुकसान को विस्तार से समझाया गया, वही फसलों की उन्नत तकनीकी के माध्यम से ज्वार, बाजरा, मक्का, तिल जैसी फसलों के उत्पादन की सलाह दी गई। श्योपुर विकासखण्ड की टीम द्वारा 04 जून को ग्राम जलालपुरा, प्रेमसर एवं अडवाड में भ्रमण कर जानकारी प्रदान की जायेगी। विकासखण्ड कराहल की टीम 04 जून को गढला, बगरवा एवं चितरा का भ्रमण करेंगी। इसी प्रकार विजयपुर विकासखण्ड की टीम ऐटा, देवरी एवं चिलवानी में किसानों को खेती की नवीन तकनीकी तथा उन्नत फसलों के संबंध में अवगत करायेगी।



# सैनिक स्कूल के लिए चयनित आदिवासी छात्र को दी 10 हजार की सहायता

**श्योपुर ब्यूरो।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा द्वारा सैनिक स्कूल रीवा में चयन होने पर स्कूल में उपस्थिति के लिए आने-जाने हेतु मार्गव्यय एवं अन्य खर्च के लिए 10 हजार रूपये की आर्थिक सहायता प्रदान की गई है। ग्राम चैनपुरा बगवाज निवासी महिला श्रीमती ममता चौहान ने बताया कि उसके पुत्र जितेन्द्र सेमरिया का प्रवेश चयन परीक्षा के आधार पर सैनिक स्कूल रीवा में चयन हुआ है। उसके तीन बच्चे है, जिनके भरण पोषण एवं पढाई लिखाई की जिम्मेदारी वह स्वयं उठा रही है, उसने बताया कि उसका पति अलग रहता है, इस कारण परिवार की आर्थिक स्थिति ठीक नही है। इसी के चलते वह सैनिक स्कूल की प्रथम कांउसलिंग में नही जा पाई, अब द्वितीय कांउसलिंग होना है, लेकिन उसके पास आने-जाने सहित अन्य खर्च के लिए पैसे नही है। इस पर कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा द्वारा रेडक्रॉस के माध्यम से 10 हजार रूपये की आर्थिक सहायता प्रदान की गई।

# भुमिया सरकार पर चल रही कथा के समापन दिवस पर हुई महा आरती

## देवी चित्रलेखा ने जेसीबी से बन रहे भंडारे की प्रशंसा की




**मेहगांव।** मेहगांव नगर के श्री भुमिया सरकार पर अंतर्राष्टीय कथा प्रवक्ता देवी चित्रलेखा जी के श्रीमुख से चल रही श्रीमद भागवत महापुराण की अंतिम दिवस की अमृतमयी कथा श्रवण करने हजारों की संख्या में श्रद्धालु कथा पंडाल में उपस्थित रहे। आज के अंतिम दिवस व्यासपीठ की आरती के पश्चात श्रीमद भागवत पुराण के सार को बताते हुये देवी चित्रलेखा जी ने भगवान श्रीकृष्ण राधारानी की लीलाओं का वर्णन करते हुये बताया कि तीनों लोकों के स्वामी श्रीकृष्ण और ब्रज की किशोरी श्री राधा जू की प्रेम जन्म जन्म का अमर प्रेम है कथा समापन पर देवी चित्रलेखा जी ने हजारों श्रोताओं के बीच महा आरती की अनोखी झांकी देखने को मिली आज की आरती भूमिया सरकार के महंत भगवती दास महाराज महामंडलेश्वर हरिओम दास महाराज के द्वारा की गई हजारों लोगों के एक साथ भंडारे की व्यवस्था, सभी सुविधाओं का रखा जा रहा ख्याल जेसीबी से बन रहा है भंडारा प्रसादी का देवी चित्रलेखा जी ने भरपूर प्रशंसा करते हुए कहा कि चंबल में इतना बड़ा भंडारा देखने को मिला ये एक मिसाल है कथा के पश्चात भुमिया सरकार पर प्रतिदिन हजारों लोगों के लिये एक साथ भंडारा प्रसादी की व्यवस्था की जाती है जिसमें एक हजार से भी ज्यादा भुमिया सरकार के लाडले परोसने की व्यवस्था में लगे रहे। जिसमे पहली बार मे ही सभी साधु संतों और महिलाओं को एक साथ भोजन कराया जाता है जिसके पश्चात पुरुषों को भंडारा प्रसादी ग्रहण कराई जाती है।

# नरवाई प्रबंधन यंत्र हैप्पी सीडर और सुपर सीडर अनुदान पर खरीदने हेतु ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित

**भिण्ड ब्यूरो।** सहायक कृषि यंत्री भिण्ड से प्राप्त जानकारी अनुसार कृषि अभियांत्रिकी विभाग के ऑनलाईन पोर्टल ई-कृषि यंत्र अनुदान पर यंत्र हैप्पी सीडर और सुपर सीडर के आवेदन ऑनलाईन आमंत्रित किए जा रहे हैं। ये यंत्र गेहूं, धान एवं अन्य फसल की कटाई उपरांत बिना जुताई किए सीधे बोनी हेतु अत्यंत उपयोगी है। ये खेत में बची नरवाईध्पराली को जमीन में सीधे मिला देते हैं। जिससे किसानों को नरवाई जलाने की आवश्यकता नहीं रहती है और पराली/नरवाई खेत में खाद का काम करती है। उपरोक्त यंत्रों की अनुमानित कीमत 2.10 लाख से 3.00 लाख रूपये है। जिस पर शासन द्वारा 40 प्रतिशत से 50 प्रतिशत तक अनुदान (अधिकतम राशि 1.05 लाख रूपये) देय है।

# कलेक्टर ने अनुबंधित ऑपरेटर एवं संचालक लोक सेवा केंद्र अटेर को दिया नोटिस

**भिण्ड ब्यूरो।** कलेक्टर भिण्ड श्री संजीव श्रीवास्तव ने जिला ई-गवर्नेंस सोसाइटी से अनुबंधित आरएफपी की शर्तों का उल्लंघन करने पर महेरे इंटरप्राइजेज अनुबंधित ऑपरेटर एवं संचालक लोक सेवा केंद्र अटेर को कारण बताओ सूचना पत्र जारी कर दिया है। कलेक्टर श्री श्रीवास्तव ने कारण बताओ सूचना पत्र जारी कर कहा है कि दिनांक 30 मई 2025 को कलेक्टर के समक्ष उपस्थित होकर आवेदक द्वारा अवगत करवाया गया की लोक सेवा केंद्र अटेर में जाति प्रमाण पत्र आवेदन बिना पटवारी की टीप के दर्ज नहीं किया जा रहा है। जिला अंतर्गत संचालित समस्त लोक सेवा केन्द्रों को पूर्व में ही कार्यालयीन आदेश क्रमांक दिनांक 21 मई 2025 द्वारा निर्देशित किया गया है की किसी भी स्थिति में आवेदक को किसी भी प्रकार की किसी भी कार्यालय द्वारा टीप लगवाने हेतु बाध्य नहीं किया जाये यह जिम्मेदारी सम्बन्धित पदाभिहितध्प्राधिकृत अधिकारी कार्यालय की है लोक सेवा केंद्र आवेदन दर्ज करने से मना नहीं करेंगे। उपरोक्त कृत्य आपके द्वारा जिला ई-गवर्नेंस सोसाइटी से अनुबंधित आरएफपी की शर्तों का स्पष्ट उल्लंघन है एवं जारी आदेश की अव्हेलना है क्यों ना आपके विरुद्ध शर्तों के उल्लंघन हेतु नियमानुसार दंडात्मक कार्यवाही की जावे आप अपना जवाब 3 दिवस में प्रस्तुत करें अथवा आपके विरुद्ध एक पक्षीय कार्यवाही की जायेगी जिसके लिए आप स्वयं जिम्मेदार होंगे।

# कलेक्टर ने सीईओ जनपद लहार के विरुद्ध शास्ति अधिरोपित की

**भिण्ड ब्यूरो।** कलेक्टर भिण्ड श्री संजीव श्रीवास्तव ने सीईओ जनपद लहार श्री लोकेन्द्र जाट के विरुद्ध 250 रूपये शास्ति अधिरोपित की है। कलेक्टर श्री श्रीवास्तव ने आदेश जारी कर कहा है कि लोक सेवा गारंटी अधिनियम 2010 में निहित प्रावधान अंतर्गत तथा इस सम्बन्ध में प्रत्येक टीएल बैठक में लगातार समीक्षा उपरांत दिए गए निर्देश एवं कार्यालय द्वारा लगातार पत्राचार उपरांत भी टीएल बैठक दिनांक 02 जून 2025 को समय सीमा बाह्य लंबित प्रकरणों की समीक्षा में लंबित समय सीमा बाह्य प्रकरणों हेतु स्व प्रेरणा से लोसेगा अधिनियम 2010 की धारा 7 (01) (क) के तहत योजना आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग अंतर्गत विवाह का पंजीयन प्रकरण लंबित होने पर सीईओ जनपद लहार श्री लोकेन्द्र जाट के विरुद्ध 250 रूपये शास्ति अधिरोपित की जाती है। अतः सीईओ जनपद लहार को निर्देशित किया जाता है की उपरोक्तानुसार अधिरोपित शास्ति की राशि लोक सेवा गारंटी अधिनियम 2010 अंतर्गत अधिकारी व कर्मचारी पर लगने वाली अर्थदण्ड शास्ति की राशि साइबर ट्रेजरी के माध्यम से हेड ऑफ अकाउंट में जमा करना सुनिश्चित करें। यह आदेश तत्काल प्रभावशील होगा।


कार्यालय कलेक्टर, (खनि शाखा) जिला श्योपुर (म.प्र.)

E- mail modgmshe@mp.gov.in

क्रमांक / खनि / 3–6 / क्यू.एल. / 109 / 2025 / 7307 श्योपुर दिनांक 2..06.2025

सूचना

म.प्र. गौण खनिज नियम 1996 के नियम 18(1–क) के अन्तर्गत उत्खनिपट्टा प्राप्त करने के लिये

यह सूचित किया जाता है कि श्री जतिन राजपूत पुत्र ओमप्रकाश राजपूत निवासी ग्राम खरिखिरी तहसील कराहल जिला श्योपुर द्वारा उत्खनिपट्टा अनुज्ञप्ति प्राप्त करने के हेतु निम्न क्षेत्र पर ऑनलाईन पत्र दिनांक 09.03.2025 को प्रस्तुत किया गया है। इस क्षेत्र पर आवेदन प्रस्तुत करने हेतु प्रथम सूचना क्रमांक जी. 24707/24 से प्रकाशित की गई थी इस क्षेत्र पर पुनः दिनांक 25 जून 2025 तक इस क्षेत्र पर यथास्थिति उत्खनिपट्टा आवेदन ऑनलाईन आमंत्रित किये जाते है। आवेदन ई-खनिज पोर्टल https://ekhanij.mp.gov.in पर प्रस्तुत किये जायेगे।

आवेदन का संक्षितप्त विवरण

| जिला | तहसील | ग्राम | खसरा नंबर | रकवा | भूमि का प्रकार शासकीय / निजी | खनिज का नाम | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| श्योपुर | कराहल | खिरखिरी | 166 | कुल रकवा 13.753 हेक्टेयर में आवेदित रकवा 3.000 हेक्टेयर | शासकीय भूमि | गिट्टी, बोल्डर, एम. सेण्ड व मुरम. | |
| | | | | आवेदित रकवा 3.000 हेक्टेयर | | | |

1. उपरोक्त प्रस्तुत ऑनलाईन आवेदन पत्र में आवेदित क्षेत्र के संबंध अन्य इच्छुक आवेदको से विज्ञप्ति प्रकाशित होने की तारीख से आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि तक (कार्यालयीन समय 5.30 बजे तक) ऑनलाईन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है।

2. यदि प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरांत आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि तक प्रथम सूचना से प्राप्त आवेदन को शामिल करते हुये 03 अथवा उससे अधिक अन्य आवेदको के आवेदन पत्र प्राप्त होते है तो प्रथम आवेदन पत्र एवं प्राप्त सभी आवेदन पत्रों को म.प्र. गोण खनिज नियम 1996 के नियम 21 तहत अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जायेगा।

3. यदि प्रकाशित विज्ञप्ति में उल्लेखित आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि तक 03 से कम आवेदन प्राप्त होते है तो उपरोक्त अवधि में प्राप्त आवेदन पत्र तथा पूर्व प्रकाशित विज्ञप्ति की अवधि के दौरान सभी आवेदन पत्रों को म.प्र. गौण खनिज नियम 1996 के नियम 21 के तहत अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जायेगा।

4. यदि प्रथम एवं द्वितीय प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरांत भी निर्धारित समयावधि में अन्य कोई आवेदन पत्र प्राप्त नहीं होता है तो प्रथम आवेदक के पक्ष में नियमानुसार खनि रियायत स्वीकृति पर विचार किया जा सकेगा।

5 निर्धारित समयावधि के उपरांत प्राप्त आवेदन पत्रो को विचार में नहीं लिया जायेगा।

खनि. अधिकारी
(खनि. शाखा)
जिला श्योपुर (म.प्र.)

G-13781/25

# ग्वालियर में विमान सेवाओं के विस्तार को लेकर केन्द्रीय नागर विमानन मंत्री श्री नायडू से मिले सांसद श्री कुशवाह

## ग्वालियर हवाई अड्डे से विमान सेवाओं के पुनः प्रारंभ करने और विस्तार के लिए सौंपा पत्र




**ग्वालियर/दिल्ली।** ग्वालियर में विमान सेवाओं के विस्तार के सिलसिले में केन्द्रीय नागर विमानन मंत्री श्री किंजरापु राममोहन नायडू से सांसद श्री भारत सिंह कुशवाह ने मंगलवार को नई दिल्ली में मुलाक़ात की। उन्होंने राजमाता विजयाराजे सिंधिया हवाई अड्डा से बंद विमान सेवाओं को पुनः प्रारंभ कराने और नई विमान सेवाओं के विस्तार के लिए पत्र सौंपा। सांसद श्री कुशवाह ने नागर विमानन मंत्री श्री नायडू को जानकारी दी कि ग्वालियर हवाई अड्डे पर हाल ही में करोड़ों रुपये की लागत से विमानन सेवाओं के लिए व्यापक बुनियादी ढांचा विकसित किया गया है। ग्वालियर हवाई अड्डा अब प्रति वर्ष 15 लाख यात्रियों को संभालने की क्षमता रखता है। पिछले वर्ष हवाई अड्डे से लगभग 3.33 लाख यात्रियों ने यात्रा की थी, और इस वर्ष अब तक इसमें 60,000 से अधिक यात्रियों की वृद्धि देखी गई है, जो क्षेत्र में हवाई यात्रा की बढ़ती माँग को दर्शाता है। वर्तमान में ग्वालियर हवाई अड्डे से दिल्ली, मुंबई और बेंगलुरु के लिए दैनिक उड़ानें, तथा अहमदाबाद के लिए साप्ताहिक उड़ान उपलब्ध है। अन्य प्रमुख शहरों के लिए सीधी कनेक्टिविटी की अत्यधिक आवश्यकता बनी हुई है, जो ग्वालियर और इसके आस-पास के जिलों की जनता और अर्थव्यवस्था दोनों के लिए लाभकारी होगी। सांसद श्री कुशवाह ने इंदौर, पुणे, हैदराबाद और कोलकाता के लिए उड़ानों का पुनः संचालनः करने के लिए आग्रह किया। साथ ही कहा वर्तमान में यात्रियों को दिल्ली या मुंबई के माध्यम से कनेक्टिंग उड़ान लेनी पड़ती है, जिससे समय और धन दोनों की हानि होती है। इन शहरों के लिए सीधी उड़ानों के संचालन से व्यापार, पर्यटन और शिक्षा के क्षेत्र में क्षेत्रीय विकास को बल मिलेगा। सांसद श्री कुशवाह ने कहा वर्तमान में अकाशा एयरलान्स द्वारा ग्वालियर से अहमदाबाद के लिए सप्ताह में एक बार उड़ान संचालित की जाती है। यात्रियों की बढ़ती माँग को देखते हुए आग्रह है कि इस उड़ान की आवृत्ति सप्ताह में तीन बार की जाए, और इसे सूरत तक विस्तारित किया जाए, जिससे क्षेत्रीय संपर्क को और मजबूती मिले। सांसद श्री कुशवाह ने ध्यानाकर्षित किया की गत दिसंबर माह में भी मेरे द्वारा ग्वालियर में विमान सेवाओं के विस्तार के संबंध में एक पत्र प्रेषित किया था, जिसमें ग्वालियर से पुणे, इंदौर और सूरत के लिए सीधी उड़ानों के संचालन का अनुरोध किया गया था। यदि विमान सेवाओं में विस्तार किया जाता है तो ग्वालियर हवाई अड्डे से यात्रा करने वाले यात्रियों की संख्या में प्रतिवर्ष लगभग 5 लाख की वृद्धि की संभावना है, जिससे हवाई अड्डे की विस्तारित क्षमता का पूर्ण उपयोग हो सकेगा और क्षेत्रीय आर्थिक विकास को भी बल मिलेगा। सांसद श्री कुशवाह ने कहा कि ये सभी बिंदु 23 मई 2025 को ग्वालियर में आयोजित हवाई अड्डा सलाहकार समिति की बैठक में भी चर्चा के विषय रहे हैं। इसलिए आग्रह है कि उपरोक्त सुझावों पर सार्वजनिक हित में सकारात्मक निर्णय लें तथा प्रधानमंत्री जी के क्षेत्रीय कनेक्टिविटी बढ़ाने के दृष्टिकोण को आगे बढ़ाएँ। केन्द्रीय नागर विमानन मंत्री ने इस पर गंभीरता से विचार करने का भरोसा दिलाया है।

# निगमायुक्त ने सुनी आमजन की समस्याएं, दिए निराकरण के निर्देश



**ग्वालियर।** जनसुनवाई में आने वाली समस्याओं का निराकरण गंभीरता पूर्ण के साथ संतुष्टिपूर्ण करें। जिससे आवेदक को छोटी-छोटी समस्याओं के लिए बार बार जनसुनवाई के चक्कर न लगाने पडें। उक्ताशय के निर्देश नगर निगम आयुक्त श्री संघ प्रिय ने संबंधित अधिकारियों को जनसुनवाई में दिए। जनसुनवाई में अपर आयुक्त श्री विजय राज, श्री मुनीष सिंह सिकरवार, श्री अनिल दुबे, अपर आयुक्त वित्त श्रीमती रजनी शुक्ला, उपायुक्त श्री अमर सत्य गुप्ता, डॉ. प्रदीप श्रीवास्तव, श्री सुनील चौहान सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। सिटीसेंटर स्थित निगम मुख्यालय में आयोजित जनसुनवाई में वार्ड 42 शिंदे का बाडा पुराने जनकगंज थाने के सामने जनकगंज निवासी श्री महेश मिश्रा ने आवेदन देते हुए बताया कि श्री अरविंद जैन व अन्य ने नाली के ऊपर चबूतरा बना लिया है जिस कारण आमजन को निकलने में परेशानी होती है। आवेदक ने उचित कार्यवाही के संबंध में, वार्ड 66 ग्राम शालूपुरा पिपरौली निवासी श्री धर्मेन्द्र सिंह ने आवेदन देते हुए बताया कि ग्राम शालूपुरा में शासकीय भूमि पर अवैध कॉलोनी काटी जा रही है। आवेदक ने उचित कार्यवाही के संबंध में, वार्ड 43 निवासी श्रीमती सुनीता अग्रवाल व अन्य ने आवेदन देते हुए बताया कि महाराज बाडा के पास सराफा बाजार में अमरचंद भाटिया स्मारक के पास कोठारी संस के संचालक द्वारा अवैध रूप से तलघर में व्यवसाय किया जा रहा है। गांडिया सडक पर खडी होने से यातायात अवरुद्ध होता है, आवेदकों ने उचित कार्यवाही के संबंध में, वार्ड 16 न्यू रेशम मिल बिरला नगर निवासी श्रीमती ज्योति आर्य ने आवेदन देते हुए बताया कि कुटी मंदिर के पास न्यू रेशम मिल बिरला नगर में किशनलाल प्रसाद द्वारा अवैध रूप से दीवार बनाकर कब्जा कर लिया है, आवेदिका ने उचित कार्यवाही के संबंध सहित अनेक समस्याओं के आवेदन आवेदकों ने निगमायुक्त को दिये। निगमायुक्त ने सुनवाई करते हुए कुछ समस्याओं का निराकरण त्वरित करते हुए बांकी समस्याओं के निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। इसके साथ ही जनसुनवाई में पेयजल, अतिक्रमण, सफाई, विद्युत, आवास, सीवर सफाई, नामांतरण आदि से संबंधित 53 से अधिक आवेदन प्राप्त हुए, जिनके निराकरण के लिए संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही के निर्देश निगमायुक्त ने दिए।

# निगमायुक्त श्री संघ प्रिय ने विभागीय कार्यो की समीक्षा, दिए आवश्यक दिशा निर्देश



**ग्वालियर।** नगर निगम आयुक्त श्री संघ प्रिय ने विभागीय कार्यों की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में अपर आयुक्त श्री विजय राज, श्री मुनीष सिंह सिकरवार, श्री अनिल दुबे, अपर आयुक्त वित्त श्रीमती रजनी शुक्ला, उपायुक्त श्री अमर सत्य गुप्ता, डॉ. प्रदीप श्रीवास्तव, श्री सुनील चौहान सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। निगम मुख्यालय में आयोजित बैठक में नगर निगम आयुक्त श्री संघ प्रिय ने विभागीय कार्यों की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया सीएम हेल्पलाइन पर आने वाली सभी शिकायतों को अटेंड करें। शिकायत अटेंड नहीं करने पर कार्यवाही की जाएगी तथा सभी शिकायतों का जवाब संतुष्टि के साथ दें तथा 50 दिवस से अधिक दिवस की शिकायतों को संतुष्टि के साथ बंद करायें। बैठक में नामांकन की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि नामांकन की शिकायतों का निराकरण समय सीमा में हो इसका ध्यान रखा जाए। निगमायुक्त ने सम्पत्तियों की जीआईएस सर्वे की प्रगति के बारे में जानकारी ली तथा समग्र ई केवायसी में प्रगति लाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। विभागीय समीक्षा के दौरान यह भी निर्देशित किया कि बरसात से पूर्व सभी नालों की सफाई हो जाए इस बात का विशेष ध्यान रखा जाए। इसके साथ ही रैन वाटर हार्वेस्टिंग के लिए आमजन को प्रेरित करें जिससे शहर में अधिक घरों में रैन वाटर हार्वेस्टिंग कराई जा सके। साथ ही जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत कुए, बावडी आदि की सफाई कार्य में तेजी लाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। बैठक के दौरान सम्पत्तिकर वसूली अभियान को निरंतर चलाने के साथ ही सप्ताह में एक दिन बडी सम्पत्तियों का सर्वे करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

# निगमायुक्त ने क्षेत्रीय कार्यालय क्रमांक 22 एवं 23 का किया निरीक्षण, दिए आवश्यक दिशा निर्देश




**ग्वालियर।** नगर निगम आयुक्त श्री संघ प्रिय ने क्षेत्रीय कार्यालय क्रमांक 22 एवं 23 का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान सिटी प्लानर श्री अजय पाल सिंह जादौन, सहायक यंत्री श्री रजनीश गुप्ता, क्षेत्राधिकारी श्री राकेश सिंह कुशवाहा, भवन अधिकारी श्री राजीव सोनी सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। नगर निगम आयुक्त श्री संघ प्रिय ने सबसे पहले क्षेत्रीय कार्यालय क्रमांक 22 का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सभी की उपस्थिति देखी एवं समस्त कर्मचारियों के कार्य के संबंध में जानकारी ली तथा क्षेत्रीय कार्यालय के आसपास साफ सफाई करने के निर्देश दिए। इसके बाद क्षेत्रीय कार्यालय 23 का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कर्मचारियों के कार्यों को देखा तथा संबंधित अधिकारियों को समग्र की ईकेवायसी अधिक से अधिक कराने के निर्देश दिए। इसके साथ ही नामांकन एवं सम्पत्तिकर वसूली की समीक्षा की। सभी कर्मचारियों को निर्देश दिए कि सार्थक एप पर अपनी उपस्थिति दर्ज करें।

# घर बैठे मिल रहे नए बिजली कनेक्शन

## “सरल संयोजन पोर्टल' के माध्यम से नवीन कनेक्शन के लिए ऑनलाइन आवेदन की सुविधा

**ग्वालियर।** किसी के लिये भी अपने परिसर में अब बिजली का नया कनेक्शन लेना अत्यंत आसान और सुविधाजनक हो गया है। नवीन बिजली कनेक्शन के लिए अब किसी भी कार्यालय के चक्कर लगाने की जरूरत नहीं रही है। नवीन बिजली कनेक्शन के लिए केवल ऑनलाइन आवेदन करना है। ऑनलाइन ही निर्धारित प्रक्रिया का पालन करते हुए जरूरी दस्तावेज अपलोड करने होते हैं। इसके बाद बिजली कंपनी द्वारा तय समय-सीमा में कनेक्शन उपलब्ध करा दिया जाता है। नवीन विद्युत कनेक्शन प्रदान किये जाने के लिये मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी की अत्यंत पारदर्शी ऑनलाइन प्रक्रिया कंपनी के सरल संयोजन पोर्टल https://saral-sanyojan.mpcz.in:8888/fetch_samagra_detail पर उपलब्ध है। इस प्रक्रिया के माध्यम से घर बैठे ही उपभोक्ताओं को नवीन बिजली कनेक्शन बहुत ही कम समय में उपलब्ध कराये जा रहे हैं। इस सुविधा से एक ओर जहाँ उपभोक्ताओं को आसानी से बिजली कनेक्शन मिल रहे हैं वहीं दूसरी ओर इस ऑनलाइन प्रक्रिया से उपभोक्ताओं और बिजली कंपनी के समय और संसाधनों की भी बचत हो रही है।

**ऑनलाइन आवेदन कर तय समय-सीमा में दिए जा रहे हैं कनेक्शन**

मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी से प्राप्त जानकारी के अनुसार उपभोक्ताओं को नवीन कनेक्शन के लिये मात्र दो दस्तावेज क्रमशः आवेदक का पहचान पत्र एवं परिसर के स्वामित्व या अधिवास संबंधी साक्ष्य ऑनलाइन अपलोड करना आवश्यक होता है। विद्युत नियामक आयोग द्वारा निर्धारित शुल्क का ऑनलाइन भुगतान प्राप्त होने तथा तकनीकी रूप से साध्य पाये जाने पर, तय समय-सीमा में कनेक्शन प्रदान किए जाते हैं। संभागीय मुख्यालय में 5 दिवस, अन्य शहरी क्षेत्र में 7 दिवस तथा ग्रामीण क्षेत्र में 15 दिवस के भीतर निर्बाध रूप से विद्युत कनेक्शन समस्त कंपनी क्षेत्र में प्रदाय किये जा रहे हैं। नवीन कनेक्शन प्राप्त करने के लिये उपभोक्ताओं को कंपनी के किसी भी कार्यालय में संपर्क करने की आवश्यकता नहीं है।

**कृषि पंप एवं ग्रामीण घरेलू कनेक्शन मात्र 5 रूपए में**

विद्युत वितरण कंपनी ने कृषि उपभोक्ताओं को कृषि पंप के लिये एवं ग्रामीण घरेलू उपभोक्ताओं को मात्र 5 रूपये में कनेक्शन प्रदान करने की सुविधा भी ऑनलाइन उपलब्ध है। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा अब तक मात्र 5 रूपये में लगभग 26 हजार कृषि उपभोक्ताओं और लगभग 12 हजार ग्रामीण घरेलू उपभोक्ताओं को कनेक्शन प्रदान किये गये हैं। विगत दिनों कुछ समाचार पत्रों में प्रकाशित खबरों पर संज्ञान लेते हुए कंपनी ने सभी उपभोक्ताओं से अपील की है कि नवीन कनेक्शन संबंधी सुविधाओं के लिये अनधिकृत व्यक्तियों से संपर्क नहीं करें और ऑनलाइन प्रक्रिया का लाभ उठाएं। उपभोक्ताओं को ऑनलाइन प्रक्रिया के पालन में कठिनाई होने पर वे एम.पी. ऑनलाइन कियोस्क में जाकर निर्धारित शुल्क मात्र 59 रूपये का भुगतान कर ऑनलाइन कनेक्शन सुविधा का लाभ उठा सकते हैं।

# खुशियों की दास्तां

## (महिला सशक्तिकरण) गाँव की महिलाओं के लिये रोल मॉडल बन गई हैं सुनीता...



**ग्वालियर।** मेहनत-मजदूरी कर सुनीता व उनके पति ने जो भी कमाया वह सब बेटी की शादी पर खर्च हो गया। पति ड्रायवर का काम करते थे। उन्हीं की कमाई से जैसे-तैसे घर का खर्चा चलता था। बेटा पढ़ाई में होशियार था पर बड़े इंजीनियरिंग कॉलेज में पढ़ाने के लिये पैसे नहीं थे। इन विषम परिस्थितियों से उबारने में सुनीता की ग्रामीण आजीविका मिशन ने मदद की है। सुनीता का परिवार अब मजे में है। उनका बेटा प्रतिष्ठित निजी कंपनी में नौकरी कर रहा है, खुद की किराने की दुकान है और पति पहले की तरह ट्रक चलाने का काम कर रहे हैं। यह सच्ची कहानी है ग्वालियर जिले की डबरा तहसील के ग्राम समूदन निवासी श्रीमती सुनीता जाटव की। मध्यप्रदेश-डे राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन से जुड़ने के बाद सुनीता के जीवन में बड़ा बदलाव आया है। अनुसूचित जाति से ताल्लुक रखने वाली सुनीता वर्तमान में ग्राम संगठन टेकनपुर की सचिव हैं और पूजा स्व-सहायता समूह से जुड़ी हैं। सुनीता गाँव की अन्य महिलाओं के लिये रोल मॉडल बन गई हैं। गाँव के लोग उन्हें अब लखपति दीदी कहकर बुलाते हैं। सुनीता बताती हैं कि बेटी की शादी के बाद घर की आर्थिक स्थिति खराब हो गई थी। ऐसे में स्व-सहायता समूह ने मुझे सहारा दिया है। मैंने समूह से एक लाख रूपए ऋण लेकर किराने की दुकान खोली। आमदनी बढ़ी तो हौसला भी बढ़ गया। सुनीता कहती हैं किराने की दुकान से हुई कमाई से ब्याज सहित पूरा ऋण चुकता कर दिया। इसके बाद डेढ़ लाख रूपए का ऋण लेकर अपने कारोबार को और आगे बढ़ाया। आमदनी अच्छी हुई तो सपने भी पूरे होने लगे। अपने होनहार बेटे को ग्वालियर के प्रतिष्ठित आईटीएम कॉलेज में पढ़ाया। बीटेक करने के बाद बेटे की पूर्णिया बिहार में प्रतिष्ठित निजी कंपनी में नौकरी लग गई है। शुरूआत में उसे 30 हजार रूपए मासिक वेतन मिल रहा है। किराने की दुकान, बेटे का वेतन और पति की ड्रायवरी की नौकरी से कुल मिलाकर सुनीता के परिवार की कमाई साल में 6 लाख रूपए से अधिक होने लगी है। सुनीता अपनी किराने की दुकान पर बैठकर तो पति हाईवे पर ट्रक चलाकर अपने घर को खुशियों से भर रहे हैं। वहीं उनका बेटा सम्मानजनक नौकरी कर परिवार का मान-सम्मान बढ़ा रहा है। राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन शुरू करने के लिये सरकार के प्रति धन्यवाद जाहिर करते हुए सुनीता कहती हैं कि यह मिशन सही मायने में महिला सशक्तिकरण की सफल गाथा लिख रहा है।

**हितेन्द्र सिंह भदौरिया**

# मदाखलत अमले ने अस्थाई अतिक्रमण को हटाया



**ग्वालियर।** शहर में सुगम यातायात के लिए नगर निगम के मदाखलत अमले द्वारा निरंतर अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की जा रही है। जिसके अंतर्गत शहर के सभी प्रमुख मार्केट एवं सडकों पर अतिक्रमण हटाने के लिए अभियान चलाया गया। मदाखलत निरीक्षक श्री विशाल जाटव ने जानकारी देते हुए बताया कि नगर निगम आयुक्त श्री संघ प्रिय के निर्देशन तथा उपायुक्त श्री सत्यपाल सिंह चौहान एवं मदाखलत अधिकारी श्री केशव सिंह चौहान के दिये गए निर्देश पालन में पार्क होटल के बाहर फुटपाथ पर लगी अवैध गुमटियां हटाई जाकर सामान जप्त की कार्यवाही की गई। साथ ही सख्त हिदायत दी गई कि उक्त स्थल पर गुमटी आदि लगा कर किसी प्रकार का अतिक्रमण न किया जावे, अन्यथा मदाखलत विभाग द्वारा सामान जब्त कर जुर्माने की कार्यवाही की जावेगी। इसके साथ ही दीनदयाल नगर स्थित महाराजा कॉम्पलेक्स में अस्थाई अतिक्रमण से संबंधित प्राप्त शिकायती आवेदन पर कार्यवाही करते हुए दुकान न.12 पंजाबी दरबार गली से अस्थाई अतिक्रमण हटाया जाकर शिकायत का निराकरण किया जाकर फुटपाथ पर रखा सामान को जब्त करने की कार्यवाही की गई।

# उचित मूल्य की दुकान से राशन प्राप्त करने के लिये ई-केवायसी जरूरी

## आसान है ई-केवायसी करने की प्रक्रिया, घर बैठे मोबाइल फोन से की जा सकती है ई-केवायसी

**ग्वालियर।** शासकीय उचित मूल्य की दुकान से राशन प्राप्त करने के लिये ई-केवायसी को अनिवार्य किया गया है। ई-केवायसी करना अत्यंत आसान प्रक्रिया है। हितग्राही अपने घर बैठे स्मार्ट मोबाइल फोन के जरिए ई-केवायसी कर सकते हैं। स्मार्ट मोबाइल फोन पर प्ले स्टोर से e-KYC एप डाउनलोड किया जा सकता है। हितग्राही https://tinyurl.com/294xckzm लिंक के माध्यम से यह एप डाउनलोड कर सकते हैं। इसके बाद लिंक https://play.google.com/store/apps/details?id=in.gov.uidai.facerd से Face ID डाउनलोड कर ई-केवायसी की प्रक्रिया पूरी की जा सकती है।

# कलेक्ट्रेट की जन-सुनवाई में 147 लोगों की समस्याओं की हुई सुनवाई



**ग्वालियर।** मंगलवार को कलेक्ट्रेट में हुई जन-सुनवाई में 147 लोगों की समस्यायें सुनी गईं। अपर कलेक्टर श्री टी एन सिंह सहित जिला प्रशासन के अन्य अधिकारियों ने एक-एक कर सभी की समस्यायें सुनीं। साथ ही लोगों के आवेदनों के निराकरण की रूपरेखा तय की। जन-सुनवाई में प्राप्त हुए 147 आवेदनों में से 81 दर्ज किए गए। शेष 66 आवेदन संबंधित विभागों के जिला स्तरीय अधिकारियों को सीधे ही निराकरण के लिये दिए गए। सभी अधिकारियों को समय-सीमा में आवेदनों का निराकरण करने के निर्देश दिए गए हैं। जन-सुनवाई में राजस्व, नगर निगम, बिजली इत्यादि से संबंधित समस्यायें प्राप्त हुईं। जमीन संबंधी समस्याओं के त्वरित निराकरण के निर्देश सभी एसडीएम को दिए गए। जनसुनवाई में मदद की आस में पहुँचे जरूरतमंदों के निश्शुल्क इलाज का इंतजाम भी कराया गया। संयुक्त कलेक्टर श्री सुरेश कुमार बरहादिया व श्री विनोद सिंह एवं एसडीएम मुरार श्री नरेश कुमार गुप्ता ने भी जन-सुनवाई में लोगों की समस्यायें सुनीं और उनके आवेदन प्राप्त कर समय-सीमा में निराकरण करने की कार्यवाही आगे बढ़ाई।

# बीच बचाव करने पर कट्टे से जानलेवा हमला करने वाले चारों आरोपियों को थाना हजीरा पुलिस ने किया गिरफ्तार

**ग्वालियर।** घटना का संक्षिप्त विवरणः- फरियादी विशाल महेश्वरी पुत्र राकेश महेश्वरी उम्र 35 साल नि. सुभाष नगर थाना हजीरा जिला ग्वालियर ने रिपोर्ट लेख कराई थी कि दिनांक 30.05.25 को शाम करीब 08.15 बजे वह अपने चाचा अनिल महेश्वरी के साथ 9 नम्बर पुलिया पर फ्ल वाले की दुकान पर फ्ल खरीदने गये थे वहां चार लड़के आपस में विवाद कर रहे थे तो मेरे चाचा अनिल महेश्वरी ने उन्हें वहाँ से हटने के लिए बोला तो उनमे से दो लड़कों ने मेरे चाचा पर जान से मारने की नियत से कट्टों से गोली चला दी जिसमें से एक गोली मेरे चाचा के पेट में लगी और वह वहीं पर गिर गये। उसके बाद हम टमटम से चाचा को इलाज के लिए सिविल अस्पताल हजीरा ले गये थे जहां से मेरे चाचा को जेएएच रेफर कर दिया गया था। मौके पर मैने लोगों से पूछताछ की तो पता चला कि मेरे चाचा को गोली मारने वाले सरल, युवराज, जिगर व मोहित थे। इन्ही लोगों ने गोली मारकर मेरे चाचा को जान से मारने का प्रयास किया। फरियादी की रिपोर्ट पर से थाना हजीरा में चारों आरोपियों के खिलाफ अप0क्र0 217/25 धारा 109,3(5) बीएनएस का प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। उक्त मामला संज्ञान में आने पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ग्वालियर श्री धर्मवीर सिंह(भापुसे) द्वारा अति0 पुलिस अधीक्षक शहर(पूर्व/यातायात/अपराध) श्री कृष्ण लालचंदानी,भापुसे को थाना हजीरा पुलिस की टीम से उक्त प्रकरण में वांछित सभी आरोपियों को पकड़वाने हेतु निर्देषित किया गया। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशों के परिपालन में सीएसपी महाराजपुरा श्री नागेन्द्र सिंह सिकरवार के कुषल मार्गदर्शन में तथा थाना प्रभारी हजीरा निरीक्षक षिवमंगल सिंह सेंगर के द्वारा थाना बल की टीम को उक्त प्रकरण में वांछित फ्रार आरोपियों को पकड़ने हेतु लगाया गया। दौराने विवेचना पुलिस टीम को जरिए मुखबिर सूचना मिली की दिनाक 30.05.2025 को 9 नम्बर पुलिया के पास जिन लडकों ने गोली चलाई थी वह डुकुल पार्क में पेडों की आड़ में बैठे हुए है। सूचना पर पुलिस टीम को तस्दीक कर आरोपियों को पकड़ने हेतु डुकुल भेजा गया जहां पर पुलिस टीम को पेडों के पीछे चार लोग बैठे दिखे, जिन्हे पुलिस टीम द्वारा घेरकर पकड़ा गया और पूछताछ करने पर (1) निवासी चौड़े के हनुमान ग्वालियर (2) निवासी शुभ बिहार कॉलोनी ग्वालियर (3) निवासी काचमील ग्वालियर (4) निवासी गांधी स्कूल के पास आरामील ग्वालियर का होना बताया। पुलिस टीम द्वारा पकड़े गये आरोपियों से दिनाक 30.05.2025 की घटना के संबंध में पूछताछ की तो चारों लोगों ने घटना करना स्वीकार किया। पुलिस द्वारा चारों आरोपियों से घटना में प्रयुक्त अवैध हथियार के संबंध में पूछताछ करने पर शुभ बिहार कॉलोनी ग्वालियर निवासी आरोपी ने एक 315 बोर का कट्टा त्रिपल आईटीएम के पीछे छिपाना बताया जिसे पुलिस द्वारा आरोपी की निषादेही पर त्रिपल आईटीएम के पीछे खण्डरनुमा झोपडी से एक 315 बोर का एक कट्टा व एक जिदा राउण्ड जप्त किया गया। थाना हजीरा पुलिस द्वारा उक्त प्रकरण के चारों आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार किया गया।

**उत्तर मध्य रेलवे**

**निविदा सूचना**

खुली निविदा संख्याः JHS-RCNK-M-GMRA-25-26-07

मुख्य कारखाना प्रबंधक, रेल कोच नवीनीकरण कारखाना, झाँसी द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए भारत के राष्ट्रपति की ओर से अनुभवी और/या इच्छुक ठेकेदारों से ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं।

कार्य का नामः आरसीएनके झाँसी में कार्य के दायरे के अनुसार सुरक्षा निरीक्षण कार गेज संख्या- LRAAC 213336 का नवीनीकरण।

कार्य की लागतः ₹ 21,88,529.80/- (18% जीएसटी सहित) | अग्रिम राशिः ₹ 43,800/-

कार्य पूरा होने का समयः तीन महीने, ऑनलाइन निविदा समापन तिथि एवं समय- 17.06.2025 समय 11.00 बजे तक। निविदा एवं निविदा प्रारूप के बारे में विस्तृत जानकारी www.ireps.gov.in वेबसाइट पर उपलब्ध है। 961/25 FA

North central railways | @CPRONCR | www.ncr.indianrailways.gov.in

**उत्तर मध्य रेलवे**

क्रमांकः-झाँसी/डब्ल्यू/टी/टेण्डर जनरल | दिनांक : 02.06.2025

**ई-टेण्डरिंग निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से तथा उनके लिये मण्डल रेल प्रबन्धक/कार्य/झाँसी निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाइन (ई-टेण्डरिंग) के माध्यम से खुली निविदा आमंत्रित करते हैं।

ई-निविदा सूचना संख्याः झाँसी डब्ल्यू- ई 2025 91. कार्य का नामः [illegible]

अनुमानित लागत (₹): ₹ 3,61,53,535.73 | जमानत राशि (₹): ₹ 3,31,000.00

निविदा बन्द होने की तिथि : 25.06.2025 at 15:00 hrs.

स्वीकृति पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन/अवधि की तिथिः 6 माह

• निविदा दिनांक 25.06.2025 को 15:00 बजे तक ऑन लाईन जमा कर सकेंगे।
• पूर्ण विवरण एवं निविदा की प्रस्तुति करने के लिए भारतीय रेल के वेब साइट www.ireps.gov.in पर देखें। 958/25 (MC)

North central railways | @CPRONCR | www.ncr.indianrailways.gov.in

**उत्तर मध्य रेलवे**

निविदा सूचना सं0: JHS/BWL/2025 26/06 | दिनांक: 31.05.2025

**ई-टेण्डरिंग निविदा सूचना**

[illegible] निविदा प्रपत्र पर दिनांक 25.06.2025 को 15.00 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं। कार्य का विवरण निम्न प्रकार है-

निविदा नं.: Br JHS 2025 06 | अनुमानित मूल्य (रु): [illegible]

कार्य का विवरणः [illegible]

बयाने की रकम (रु): ₹ 9,12,000/ | निविदा बंद की तिथि: 25.06.2025

कार्य समापन की अवधिः 18 महीने।

नोटः- [illegible] (7) ऑनलाइन निविदा दिनांक 25.06.2025 15:00 बजे तक प्रस्तुत की जा सकती है। 957/25(A)

North central railways | @cpronca | www.ncr.indianrailways.gov.in

## संपादकीय

# जाति आधारित राजनीति

राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन यानी शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों की बैठक में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जातिगत जनगणना से विकास के विभिन्न क्षेत्रों में पीछे छूट गए लोगों की मदद की बात की। 'ऑपरेशन सिंदूर' की सफलता और स्वदेशी रक्षा प्रौद्योगिकी की सटीकता पर भी विचार रखे। सम्मेलन में मोदी के तीसरे कार्यकाल की पहली वर्षगांठ और सुशासन के मुद्दों पर भी चर्चा की गई। जातिगत जनगणना को लेकर सरकार ने अचानक अपनी रणनीति बदली है। 1931 के बाद देश में जातिगत जनगणना नहीं हुई, तब पिछड़ी जातियां 52 प्रतिशत थीं। जाति आधारित राजनीति के पांव जमाने से पहले आजादी के तुरत बाद 1951 से दलितों व जनजातियों की अलग से गणना होने लगी। जातिवादी राजनीति के हावी होते ही, विपक्ष लंबे अरसे से जातिगत जनगणना की मांग कर रहा है। जिस पर मोदी सरकार ने कभी रुख स्पष्ट नहीं किया। मगर संघ के जातिगत जनगणना के समर्थन में विचार देते ही सरकार ने इसकी घोषणा कर दी। तर्क है कि वंचितों के लिए नीतियां बनाने में आसानी होगी तो इसका विरोध करने वाले मानते हैं इससे समाज में दरारें आ सकती है। जातियों को वोट बैंक के नाम पर भुनाने वाले और आरक्षण समर्थकों के लिए नये मुद्दे उभर कर सामने आ सकते हैं। वास्तव में अतिपिछड़ों व वंचितों के उत्थान के लिए उठाए गए कदम अपनी भूमिका निभाने में असफल नजर आते हैं। आर्थिक, सामाजिक, शैक्षणिक सशक्तिकरण के बगैर समानता की कल्पना भी नहीं की जा सकती। योजनाओं और प्रचार में अव्वल सरकार के लिए ये सिर्फ शिगूफे न साबित हों, यह ख्याल किया जाना जरूरी है। रही बात पाक से संघर्ष की तो इसके लिए सशस्त्र बलों के बलिदान और साहस पर समूचा देश भाव-विह्वल है। मुख्यमंत्रियों और मंत्रियों का फर्ज है, वे शहीदों व युद्ध प्रभावितों के परिजनों की भरपूर मदद में कोई कोताही न करें। दुश्मन मुल्क से लगी सीमा के रहवासियों को हुई जान-माल की भरपाई की भी अनदेखी नहीं होनी चाहिए। बंद कमरों में आला-कमान की प्रशस्ति काफी नहीं कही जा सकती। हालांकि देश के राजनीतिक दलों में जिस तरह का अधिनायकवाद हावी है, वहां आंतरिक लोकतंत्र की कल्पना भी नहीं की जा सकती। जबकि इन बैठकों में सरकारी योजनाओं व कार्यप्रणाली की आलोचनात्मक बात होनी चाहिए और सरकारी सहायता पहुंचाने में जनप्रतिनिधियों में जिम्मेदारीपूर्णता से निर्वहन की खुली चर्चा होनी चाहिए।

# सामाजिक न्याय में लोक आचरण सर्वाधिक महत्वपूर्ण

अवधेश कुमार

लालू प्रसाद यादव जी ने तेज प्रताप को परिवार और पार्टी दोनों से बाहर कर दिया है। उनका पूरा स्टैंड उनके अनुसार नैतिक आधार पर है। यानी सामाजिक न्याय में लोक आचरण सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण है और उनके बड़े सुपुत्र तेजप्रताप यादव ने इसका उल्लंघन किया है। इसी की सजा उनको दी गई है। निश्चित रूप से परिवार के लिए यह बहुत बड़ा धक्का है। किसी भी पिता और मां का अपने बड़े पुत्र को बाहर करने का निर्णय करना आसान नहीं होता। इस नाते पहली दृष्टि में लालू जी और राबड़ी देवी जी के प्रति सहानुभूति का भाव पैदा होता है। किंतु वे कोई सामान्य परिवार नहीं है। जो कुछ भी हुआ उनमें ऐसे अनेक प्रश्न हैं, जिनका उत्तर सार्वजनिक जीवन खासकर राजनीति में होने के कारण उन्हें देना चाहिए। लालूजी का परिवार बिहार में इस समय सबसे ज्यादा अकेले प्रभावी राजनीतिक परिवार माना जा सकता है। यद्यपि वे विपक्ष में है किंतु बिहार में परिवार की दृष्टि से कोई ऐसा नहीं बचा जिनकी हैसियत उतनी बड़ी हो। दो पूर्व मुख्यमंत्री, एक उप मुख्यमंत्री, एक पूर्व मंत्री, एक सांसद और तीन विधायक। ऐसे परिवार के सबसे बड़े सुपुत्र की किसी लड़की के साथ लंबे रिश्तों की बात सामने आती है और वह अमर्यादित है तो इस पर बवाल मचेगा।

धीरे-धीरे ऐसा माहौल बना है जिसमें दो व्यक्तियों खासकर स्त्री-पुरुष के संबंधों पर लिखने और बोलने से हम आप बचना चाहते हैं। देश में एक अजीब किस्म के वामपंथी लिबरल सेक्युलर इकोसिस्टम ने खासकर स्त्री पुरु ष और उसमें भी विवाहेतर संबंधों को लेकर भी पढ़े-लिखे वर्ग के बीच ऐसा मानस तैयार किया है मानो यह भी उनका निजी मामला ही है। राजद का तर्क है कि लालू जी ने स्वयं स्टैंड ले लिया है तो इसके आगे कुछ कहने के लिए बचता नहीं। किंतु क्या वाकई इसे ही पूर्ण विराम मान लिया जाए? तेज प्रताप यादव के एक्स पर पोस्ट आता है जिसमें वह अनुष्का यादव से 12 वर्ष के अपने रिश्तों और लिव इन में रहने की बात स्वीकार करते हैं।

कहते हैं कि अब समय आ गया है जब मैंने सोचा इसे सार्वजनिक कर दिया जाए। बाद में वह पोस्ट डिलीट हो जाता है। उनका बयान आता है कि अकाउंट हैक हो गया था एवं एआई के द्वारा इसे लिखा गया। लालू यादव द्वारा उन्हें पार्टी से 6 वर्ष के लिए निष्कासन तथा परिवार से अलग करने की घोषणा ने स्पष्ट कर दिया कि पोस्ट की बातें सच हैं। अगर यह सच है कि परिवार को तेज प्रताप के इस अपकर्म की जानकारी नहीं थी और उन्होंने केवल सार्वजनिक जीवन में शुचितापूर्ण आचरण को निर्णय का मानक बनाया है तो उन्हें प्रशंसा का पात्र माना जाना चाहिए।

किंतु जितने तथ्य सामने हैं, उनके अनुसार लाल



यादव से लेकर राबड़ी देवी और संपूर्ण परिवार को इस संबंध का पता था। तेज प्रताप की अभी तक कानूनी पत्नी, जिनके साथ उनका तलाक का मामला चल रहा है, कि मां ने कहा है कि इसमें नया कुछ नहीं सबको पता है। वैसे भी अगर 12 वर्ष से संबंध है तो फिर सात वर्ष पहले 2018 में लालू यादव जी और राबड़ी जी ने तेज प्रताप की ऐर्या यादव से शादी क्यों कराई? अभी अचानक तीसरा ऑडियो भी वायरल है।

इसमें बताया जा रहा है कि अनुष्का यादव की आवाज है। इसमें वह कह रही है कि निशा सिंह के साथ वो मालदीप जा रहा है। पुरु ष आवाज आती है ,कौन? उत्तर आता है, तेजप्रताप यादव। फिर कहा जाता है कि तेजस्वी यादव ने बच्चे के लिए भेजा है। पुरु ष पूछता है कि उसने कितनी शादी की है यार? उत्तर -ऐर्या यादव ,अनुष्का यादव और निशा यादव। यह सच है तो फिर तेज प्रताप यादव ने पूरे परिवार को संकट में फंसा दिया।

मोटा मोटी चार-साढ़े चार महीने बाद बिहार विधानसभा का चुनाव है। यह बात ठीक है कि लालू प्रसाद यादव के लंबे राजनीतिक करियर में कभी इस तरह के प्रश्न नहीं उठे। वे व्यक्तिगत तौर पर भ्रष्टाचार के प्रतीक अवश्य बने पर इस मामले में बेदाग रहे। जो कुछ है उससे वह भी कठघरे में खड़े हैं। आखिर सामाजिक न्याय का अर्थ क्या राजनीति में जातीय समीकरण और आरक्षण ही है? क्या जिस जाति के नेता होने का दावा करते हैं उनकी बच्चियों के साथ भी न्याय सामाजिक न्याय की परिधि में नहीं आता? यह प्रश्न इसलिए प्रासंगिक है क्योंकि अनुष्का के भाई को राजद की छात्र इकाई का प्रमुख बनाया गया था।

## शब्द सामर्थ्य -067

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं :**
1. लज्जत, जायका 2. मुकाबला, भेंट, होड़ 5. बंदी, कैद की सजा पाने वाला व्यक्ति 7. खल-पात्र, नाटक फिल्म आदि का बुरा पात्र 9. कामी, व्याभिचारी 10. इज्जत जाना, बेइज्जती होना (उपमा)11. ऊटपटांग, विचित्र, कठिन 13. वैभव, ठाट-बाट 14. साथ, सहित 15. कामदेव की पत्नी, प्रेम 16. मैं का बहुवचन 17. दरवाजे-दरवाजे 20. एक राशि, मगर 22. नमी, सीड़, मुहर, ठप्पा 23. औषधालय, चिकित्सालय।

**ऊपर से नीचे**
1. आत्मनिर्भर, स्वालंबन भावना से युक्त, स्वाश्रित 2. वर्ष, बरस 3. राजी करना, रूठे हुए को खुश करना, प्रसन्न करना 4. नाटक फिल्म आदि का मुख्यपात्र 6. दीवानगी, पागलपन, 7. दो वस्तुओं के टकराने से उत्पन्न ध्वनि, बैर-विरोध, अनबन 8. खीरे की प्रजाति का एक फल 11. बेवकूफ, मूर्ख 12. बादल, मेघ 13. बहुत चालाक, होशियार 14. जिसका मत दूसरे से मिलता हो, 15. दांत, दंत 18. प्राप्ति, वस्तु आदि मिलने का प्रमाण पत्र 19. दंगा-फसाद, उपद्रव विप्लव 21. बचाव, सुरक्षा।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | ■ | 2 | 3 | 4 | ■ | 5 | 6 |
| | ■ | 7 | | | | 8 | ■ | |
| 9 | | | ■ | 10 | | | | |
| | ■ | | ■ | ■ | ■ | 12 | ■ | |
| ■ | 11 | | 12 | | ■ | ■ | 13 | |
| 14 | | ■ | | ■ | ■ | 15 | | ■ |
| 16 | | ■ | 17 | 18 | 19 | | | ■ |
| 20 | | 21 | ■ | 22 | | ■ | ■ | ■ |
| | ■ | | ■ | 23 | | | | ■ |

### शब्द सामर्थ्य क्रमांक 066 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ग | ल | त | ■ | ■ | ■ | खा | म | खाँ |
| णे | ■ | ल | ■ | झ | प | की | ■ | ■ |
| श | र | ब | त | ■ | रं | ■ | ■ | मि |
| ■ | ज | गा | ना | ■ | प | रा | का | ष्ठा |
| ■ | नी | र | ■ | वि | रा | ज | मा | न |
| ना | च | ■ | ■ | प | ■ | ■ | य | ■ |
| म | र | णा | स | न्न | ■ | पा | नी | ■ |
| ची | ■ | ■ | प | ■ | पा | ■ | ■ | भो |
| न | ज | रा | ना | ■ | स | मा | चा | र |

## सू- दोकू क्र.067

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7 | | | | 1 | | 3 | |
| 1 | | 9 | | | | 5 | | |
| | | | 3 | | | | 1 | |
| | | 5 | | | | | | 3 |
| 3 | | | | | 2 | | 5 | |
| | | | | 3 | | | | 2 |
| | 4 | | | | | | 7 | |
| 7 | | 8 | | 1 | | 6 | | |
| | 6 | | 7 | | 9 | | | 1 |

**नियम**
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक रख सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

### सू-दोकू क्र.066 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |

# भारत की चुप्पी उसकी कमजोरी नहीं, चेतना है

सोनम लववंशी

राष्ट्रवाद अब केवल झंडे में सिमटी भावना नहीं, वह स्मृति बन चुका है जो स्वतंत्रता संग्राम की मशाल भी थी और आज के दौर में आम जन के विवेक का हिस्सा भी है। तुर्की और अजरबैजान द्वारा भारत के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय मंचों पर की गई टिप्पणियां केवल राजनीतिक मसले नहीं हैं, बल्कि यह उन राष्ट्रों के प्रति जनमानस की प्रतिक्रियाओं को भी जगा रही हैं, जो भारत की संप्रभुता पर सवाल उठाते हैं। इन प्रतिक्रियाओं में उपभोक्ताओं के बायकॉट की आवाज़ें शामिल हैं, जो अचानक उभरी भावना नहीं, यह एक ऐसे राष्ट्रवादी विचार का संकेत हैं जो अब सरकारी नीतियों या सीमा पर लड़ाई तक सीमित नहीं रहा। यह अब नागरिकों के निर्णयों में धड़कने लगा है। पिछले कुछ वर्षों में राष्ट्रवाद की परिभाषा बदल चुकी है। यह अब नारे लगाने या साल में एक दिन झंडा फहराने तक सीमित नहीं है, बल्कि हर उस छोटे-बड़े निर्णय में समाहित हो चुका है, जिसमें व्यक्ति देश के मान और हित को निजी सुविधा से ऊपर रखता है। अब भारतीय उपभोक्ता ब्रांड से पहले यह देखने लगा है कि वह वस्तु किस देश से आई है और उस देश का भारत के प्रति रु ख क्या है। यह राष्ट्रवाद का नया चेहरा है जो विचारशील, सजग और विवेकशील। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो साल 2024 में ही 3 लाख 30 हजार से ज्यादा भारतीयों ने तुर्की में छुट्टियां बिताई, जबकि अजरबैजान में घूमने वालों की संख्या 2 लाख 43 हजार से ऊपर रही। ये मात्र पर्यटक नहीं थे, बल्कि अरबों रु पये की पूंजी थी जो प्रत्यक्ष रूप से उन देशों की अर्थव्यवस्था को सहारा देती है, जो बार-बार भारत के कश्मीर जैसे संवेदनशील मसलों पर पाकिस्तान का समर्थन करते हैं। आंकड़ों के अनुसार, एक भारतीय पर्यटक औसतन 1 लाख रु पये खर्च करता है यानी सिर्फ 2024 में ही भारतीयों ने तुर्की और अजरबैजान में करीब 4 हजार करोड़ रु पये खर्च किए। ऐसे में सवाल उठना स्वाभाविक है कि क्या हम उन देशों की तिजोरी भरें, जो हमारी संप्रभुता को चुनौती देते हैं? क्या राष्ट्रवाद केवल जज्बा है, या फिर निर्णय लेने की दिशा भी? तुर्की के राष्ट्रपति एर्दोगान द्वारा लगातार कश्मीर पर भारत विरोधी बयान और अजरबैजान द्वारा इस्लामी सहयोग संगठन (ओआईसी) जैसे मंचों पर पाकिस्तान का साथ देना, भले ही कूटनीति के दायरे में आता हो, पर जब इन बातों का असर आम नागरिक की चेतना पर पड़ता है, तब जवाब भी जमीनी होता है। यही वजह है कि सोशल मीडिया पर बॉयकॉट तुर्किए और बॉयकॉट अजरबैजान जैसे ट्रेंड देशभर से समर्थन पा रहे हैं। यह बायकॉट कोई आवेश में लिया गया फैसला नहीं है। ये उस उपभोक्ता चेतना की अभिव्यक्ति है जो अब राष्ट्रहित को सर्वोपरि मानने लगी है। राष्ट्रवाद अब युद्ध और वीरता के साथ खड़ा होने तक सीमित नहीं। यह अब उस मोबाइल ऐप को हटाने में दिखता है जो देश विरोधी ताकतों से जुड़ा है, या उस विज्ञापन को अस्वीकार करने में जो भारत की संस्कृति का उपहास उड़ाता है। चीन के खिलाफ उठी आवाजें इसकी मिसाल थीं, अब तुर्की और अजरबैजान की बारी है। यह राष्ट्रवाद प्रतिक्रिया नहीं है एक परिपक्व चेतना है जो अब देश के स्वाभिमान को बाजार में भी उतना ही मूल्य देती है जितना सरहद पर। भारत का राष्ट्रवाद कभी भी संकीर्णता की मानसिकता पर नहीं टिका रहा। यह वह विचारधारा है जो विविधता में एकता ढूंढती है, जो सैनिक के बलिदान पर गर्व करती है तो संविधान के मूल्यों की रक्षा भी उतनी ही दृढ़ता से करती है।

## राशिफल

**मेष**
मेष राशि वालों का आज का दिन बेहतर रहने वाला है। आज लंबे समय से चल रही किसी समस्या से आपको निजात मिलेगा और आपकी चतुराई और योग्यता की सराहना होगी। आज किसी अनुभवी के मार्गदर्शन से प्रॉपर्टी की खरीदी-बिक्री संबंधी रुका काम पूरा हो जाएगा। कुछ खास लोगों से मुलाकात होगी और विशेष मुद्दों पर बातचीत भी होगी जो कि सकारात्मक रहेगी। शाम को परिवार के साथ कोई मनोरंजन प्रोग्राम भी बन सकता है। आज आपको कोई शुभ सूचना मिलने वाली है। व्यापार में आपको अपने सहयोगियों की हेल्प मिलेगी और ज्यादा से ज्यादा लाभ होगा।

**वृषभ**
आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहने वाला है। आज दिन भर भागा-दौड़ी की स्थिति रहेगी लेकिन कार्य भी सुचारू रूप से बनते जाएंगे। सूझबूझ और व्यवहार कुशलता से अपने काम के प्रति व्यस्त रहेंगे। आज व्यस्ततम दिनचर्या रहेगी लेकिन आप अपने कार्यों को सहज ही पूरा भी कर लेंगे। आज कार्यक्षेत्र में बदलाव संबंधी कुछ योजनाएं बनेंगी और योजनाबद्ध तरीके से काम करना आपको मन मुताबिक सफलता भी देगा। आज कोई भी बड़ा फैसला लेते समय अपने शुभचिंतकों की राय की अनदेखी करने की भूल न करें।

**मिथुन**
आपके लिए आज का दिन खास होने वाला है। किसी भी नए निवेश के बारे में प्लान करें, आपको अच्छा लाभ हो सकता है। घर में किसी नन्हें मेहमान के आगमन संबंधी शुभ समाचार मिलने से उत्सव का माहौल रहेगा। माता-पिता के आशीर्वाद से किए गए काम में आपको सफलता मिलेगी। आज कोई भी विशेष निर्णय लेते समय बेहतर होगा कि आप किसी अनुभवी व्यक्ति की सलाह लें, इससे काम में आसानी भी होगी। परीक्षा प्रतियोगिता की तैयारी में जुटे लोगों को कठिन परिश्रम की आवश्यकता रहेगी। आज के दिन आप दूसरों से अपना काम निकलवाने में सक्षम रहेंगे।

**कर्क**
कर्क राशि- कर्क राशि वालों आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज आप किसी समारोह में शामिल होंगे तो आपकी उपस्थिति को महत्व मिलेगा। कोरियर का बिजनेस कर रहे कारोबारियों को आज फायदा मिलेगा। राजनीति से जुड़े लोगों का आज समाज में दबदबा बना रहेगा। आज रुका हुआ पैसा मिल सकता है। हालांकि, दिन की शुरुआत में चुनौतियां रहेंगी लेकिन किसी अनुभवी की मदद से रास्ते आसान हो जाएंगे और कामों में भी सफलता मिलेगी। घर का माहौल सुकूनदायक रहेगा।

**सिंह**
आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। कार्यस्थल पर गंभीरता और ईमानदारी से अपने प्रोजेक्ट को अंजाम दें, इस समय आपकी तरक्की के भी योग बन रहे हैं। आज समय आपके पक्ष में है। काम आसानी से बनेंगे और किसी नई योजना पर भी काम करने का अवसर मिलेगा। परिवार और फाइनेंस से संबंधित लिए गए महत्वपूर्ण निर्णय सकारात्मक रहेंगे और पिछले कुछ समय से चल रही किसी समस्या का भी निदान होगा। आज घर में सुख-शांति भरा माहौल रहेगा। आज किसी भी अनजान व्यक्ति पर ज्यादा विश्वास न करें, आपको नुकसान हो सकता है।

**कन्या**
आज का दिन फेवरेबल रहने वाला है। आज आप अपने बड़े भाई से प्रॉपर्टी से रिलेटेड कोई बात करेंगे और फाइनेंस संबंधित कुछ योजनाएं बनेंगी। आज आपका काम करने का जुनून आपको मेहनत करने की क्षमता प्रदान करेगा। आज किसी भी ऑफिशियल यात्रा को करने के लिए समय अनुकूल है। आज पारिवारिक सदस्यों के बीच प्रेम और सामंजस्य की भावना बनी रहेगी। लवमेट में एक दूसरे की भावनाओं का सम्मान और विश्वास रखेंगे। आज आपका किसी इंटरव्यू में सलेक्शन होगा और अच्छी जॉब मिलेगी। आपको स्वास्थ्य लाभ मिलेगा।

**तुला**
आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। आज आप करीबी व्यक्ति के बारे में गहराई से विचार करके रिश्ता सुधारेंगे। आज जिम्मेदारियां रहेंगी, लेकिन उनसे भागने के बजाय उन्हें बेहतर तरीके से पूरा करने की कोशिश करेंगे। आज जल्दबाजी और भावुकता में कोई निर्णय न लें। आज कारोबारी महिलाओं को पारिवारिक और व्यवसायिक तालमेल बनाकर रखना है। कोई ऑफिशियल यात्रा करना लाभदायक रहेगा। माता-पिता के आशीर्वाद से आपको कोई उपहार आदि भी मिल सकता है। आप अपने दोस्तों के साथ किसी ट्रिप पर जाने का प्लान बनाएंगे। शिक्षकों की मेहनत और

**वृश्चिक**
वृश्चिक राशि- वृश्चिक राशि वालों के लिए आज का दिन सामान्य रहने वाला है। आज किसी भी नकारात्मक स्थिति में घबराने के बजाय उसका समाधान ढूंढें तो जल्दी ही हल भी मिलेगा। वाहन अथवा किसी महंगे उपकरण के खराब होने से बड़ा खर्चा सामने आएगा। आज अपनी दिनचर्या में कुछ बदलाव लाने से नए अवसर मिलने वाले हैं। दोपहर के बाद आपको अपने भविष्य से संबंधित कोई खुशखबरी भी मिलने वाली है। अपने किसी खास मिशन को लेकर किए गए प्रयास सफल होंगे। महिलाओं की

**धनु**
आज का दिन आपके लिए नई उमंग से भरा रहने वाला है। आज आपकी आर्थिक स्थिति मजबूत बनी रहेगी और आप सामान की खरीददारी करने मार्किट जा सकते हैं। आज कारोबार में नई तकनीक का इस्तेमाल करने संबंधी कार्य प्रणाली पर विचार-विमर्श होगा। योजना को गति देने में आपकी मेहनत बनी रहेगी। लवमेट के साथ मुलाकात का अवसर मिलेगा। आज घर के बड़े व्यक्तियों की सलाह और मार्गदर्शन पर अमल करने से समाधान भी मिलेंगे। इस राशि के जो लोग बड़ी कंपनियों में काम करते हैं, उनके लिए आज का दिन बेहद खास है। जीवन में चल रही परेशानियां

**मकर**
आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज किसी भी काम को करने से पहले उससे संबंधित उचित जानकारी हासिल करेंगे, फिर उस पर काम करेंगे। इससे आपको बेहतर परिणाम हासिल होंगे। आय के नए स्त्रोत बनेंगे। घर में बुजुर्गों का भी प्यार और आशीर्वाद शांतिपूर्ण माहौल बनाकर रखेगा। किसी रुके हुए काम को पूरा करने में सफलता मिल सकती है। आज आपकी कठिन परिस्थितियों में आपका परिवार आपकी ढाल बनकर सामने रहेगा, इससे आपको साहस मिलेगा। स्वास्थ्य से रिलेटेड परेशानी आज दूर होगी। आप एनर्जेटिक रहेंगे। सिल्वर रंग और 7 नंबर आपके लिए

**कुंभ**
आपके लिए आज का दिन उत्तम रहने वाला है। आज प्रोजेक्ट कार्य में आपको अपने जीवनसाथी का सहयोग मिलेगा। सकारात्मक सोच जीवनयापन में आपकी मदद करेगी। आज घर तथा बाहर दोनों जगह किसी बड़े फैसले को लेने में आपका विशेष योगदान रहेगा। अगर कहीं पैसा फंसा हुआ है, तो उसकी वसूली के लिए प्रयास करें, सफलता मिल सकती है। धार्मिक संस्था के लिए आपका योगदान रहेगा। मांगलिक कार्य होने के भी योग बन रहे हैं। दांपत्य जीवन खुशहाल रहेगा, एक-दूसरे को बेहतर समझेंगे। सफेद रंग और 8 नंबर आपके लिए लकी है।

**मीन**
आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। आज पारिवारिक सदस्यों के साथ किसी महत्वपूर्ण विषय पर सहमति बन जाने से राहत की सांस लेंगे। छोटों की गलतियों को माफ करते चलेंगे और वरिष्ठ लोगों के मार्गदर्शन पर अमल करेंगे। किसी भी योजना के पहले उचित रूपरेखा बनाएं, बाद में उस पर काम करें। आज किसी पॉलिसी में निवेश करने की योजना बन रही है, तो दिन शुभ है। आपको किसी करीबी रिश्तेदार से मिलने का अवसर मिलेगा। परिवार में खुशी का माहौल बनेगा। काला रंग और 4 नंबर आपके लिए लकी है।

# जिनके स्वाभिमान की ज्वाला से आज भी गूंजती हैं सतपुड़ा की वादियां

(दुर्गेश रायकवार-विनायक फीचर्स)



मध्य भारत की धरती, विशेषकर मालवा और नर्मदा तटवर्ती सतपुड़ा क्षेत्र, प्राचीन समय में अवंतिका महाजनपद का हिस्सा रही है। इस क्षेत्र की महादेव पहाड़ियाँ, ताप्ती और नर्मदा की घाटियाँ, हजारों वर्षों से धार्मिक और आध्यात्मिक साधना की भूमि रही हैं। यहाँ का कोरकू आदिवासी समाज भोलेनाथ को अपना आराध्य और कुल देवता मानता है। ऐसा विश्वास है कि कोरकू समाज भोलेनाथ के गणों और उनके अनुयायियों के वंशज हैं। कोरकू समुदाय का प्रभुत्व 18वीं सदी तक इस सम्पूर्ण भूभाग में स्थापित था। राजा भभूतसिंह कोरकू, इसी परंपरा के एक ऐसे सिद्ध पुरुष और जागीरदार थे, जिनका प्रभुत्व पचमढ़ी, हर्राकोट, पातालकोट, तामिया, बोरी, मढ़ई, हरियागढ़, केसला, बैतूल और हरदा तक फैला हुआ था। राजा भभूतसिंह का जीवन चमत्कारिक शक्तियों, आध्यात्मिक सिद्धियों और रणकौशल का अद्वितीय संगम था। वे तंत्र-मंत्र, जड़ी-बूटियों और वन औषधियों में पारंगत थे। कहा जाता है कि उन्होंने ऐसी दिव्य औषधियों का प्रयोग कर रखा था जिससे उनके शरीर पर किसी भी अस्त्र-शस्त्र का प्रभाव नहीं होता था। उन्होंने बूटी को अभिमंत्रित कर अपने शरीर में स्थापित किया था और इस कारण से लोहे के हथियार उनके शरीर को नुकसान नहीं पहुँचा सकते थे। उनके शरीर की अमरता की कथा भी प्रसिद्ध है कि राजा केवल हरे बांस की लकड़ी से ही मृत्यु को प्राप्त हो सकते थे, यह रहस्य केवल उनके सबसे निकटस्थ एक मित्र को ज्ञात था। 1857 के स्वतंत्रता संग्राम के दौरान जब तात्या टोपे और उनकी सेना अंग्रेजों से संघर्ष करते हुए सतपुड़ा पहुँचे, तब उन्होंने राजा भभूतसिंह की शरण ली। अक्टूबर 1858 के अंतिम सप्ताह में फतेहपुर के सरैया घाट से तात्या टोपे ने नर्मदा पार की और पचमढ़ी क्षेत्र में प्रवेश किया। राजा भभूतसिंह ने गुफाओं के माध्यम से उन्हें हरियागढ़, बोरदई और फिर मुलताई क्षेत्र की ओर भेजा।

अंग्रेज कप्तान जेम्स फोर्सिथ को जब यह पता चला कि भभूतसिंह ने तात्या टोपे को शरण दी है, तो उसने फतेहपुर के नवाब आदिल मोहम्मद खान के माध्यम से राजा से तात्या को सौंपने का आग्रह किया। लेकिन निडर भभूतसिंह ने अंग्रेजों के सामने झुकने से इनकार कर दिया।

जुलाई 1859 में राजा भभूतसिंह ने खुलेआम विद्रोह कर दिया। अंग्रेजों ने मिलिट्री पुलिस और मद्रास इन्फेंट्री की टुकड़ी को भेजा। देनवा घाटी में युद्ध हुआ जो लगभग छह महीनों तक चला। कोरकू योद्धाओं की गुप्त युद्ध नीति और पहाड़ी मार्गों की जानकारी अंग्रेजों के भारी हथियारों पर भारी पड़ी। कहा जाता है कि युद्ध के दौरान राजा ने चिरौंठा के दानों को मंत्रों से अभिमंत्रित कर मधुमक्खियों में परिवर्तित किया और उन्हें युद्ध के एक हथियार के रूप में प्रयोग किया। भभूतसिंह द्वारा अपनाई गई छापामार युद्ध रणनीति बिल्कुल शिवाजी महाराज जैसी थी – अदृश्य रहकर प्रहार करना और जंगलों की भौगोलिक स्थिति का लाभ उठाना। एक बार राखी पर्व के अवसर पर भभूतसिंह अपनी मुंह बोली बहन से राखी बंधवाने खारी गाँव पहुँचे। वहीं किसी ने अंग्रेजों को



यह गुप्त सूचना दे दी। अंग्रेजों ने उन्हें चारों तरफ से घेर लिया, लेकिन उनकी दिव्य शक्ति के कारण उन्हें बाँधना असंभव था। कहा जाता है कि राजा का एक विश्वासपात्र मित्र, जो उनकी शक्तियों और रहस्यों से परिचित था, अंग्रेजों से मिल चुका था। उसी की गद्दारी से भभूतसिंह को पकड़ने में अंग्रेज सफल हुए। अंग्रेजों ने उन्हें यातनाएँ दीं, परंतु वे अपने खजाने और रहस्यों की जानकारी देने को तैयार नहीं हुए। जब शारीरिक यातनाएँ बेअसर रहीं, तो उन्हें अन्न-जल से वंचित रखा गया। इसके बावजूद वे अंत तक अडिग रहे। 1860 में अंग्रेजों ने उन्हें जबलपुर में मृत्युदंड दिया। कुछ प्रमाणों में कहा गया है कि उन्हें फांसी दी गई, वहीं कुछ में कहा गया कि उन्हें गोलियों से छलनी कर मार दिया गया। अंग्रेजों ने उनके नामोनिशान मिटाने के प्रयास में उनके राज्य को वन विभाग को सौंप दिया। यह घटना भारतीय इतिहास में पहली थी जब किसी आदिवासी की शहादत के बाद उनकी जागीर को वन क्षेत्र घोषित किया गया। आज भी देनवा नदी के तट पर राजा भभूतसिंह का बग़ीचा और ÷भभूतकुण्ड÷ विद्यमान है, जिसमें बारहमासी जल भरा रहता है। चौरागढ़ मंदिर में उनके द्वारा चढ़ाए गए पत्थर के त्रिशूल आज भी दर्शनार्थियों को वीरता और भक्ति का संदेश देते हैं। राजा भभूतसिंह की वीरता और बलिदान को कोरकू समाज ने लोकगीतों और भजनों के माध्यम से जीवित रखा है। पचमढ़ी क्षेत्र के गाँवों, मंदिरों और लोक संस्कृति में आज भी उनकी गाथाएँ सुनाई जाती हैं। राजा भभूतसिंह न केवल एक योद्धा थे, बल्कि वे जनजातीय चेतना और आत्मसम्मान के प्रतीक बन चुके हैं। उनकी मृत्यु के बाद अंग्रेजों का कोप कोरकू समाज पर टूटा। अनेक कोरकू लोग पहाड़ों में छुप गए, कुछ अन्य गोंड जागीरदारों के पास चले गए, तो कुछ तात्या टोपे के साथ महाराष्ट्र तक पहुँच गए। अनेक लोगों ने अपनी पहचान छिपा ली और अपने गोत्र/सरनेम बदल लिए। राजा भभूतसिंह की वीरगाथा, अंग्रेज अधिकारी एलियट की 1865 की सेटलमेंट रिपोर्ट में भी दर्ज है। वे सतपुड़ा क्षेत्र के ÷शिवाजी÷ कहे जाते हैं। अफसोस है कि जिस योद्धा ने अंग्रेजों से दो वर्षों तक सतत संघर्ष किया, वह इतिहास की पुस्तकों में उचित स्थान नहीं पा सका। राजा भभूतसिंह कोरकू एक ऐसा नाम हैं, जो केवल कोरकू समाज का नहीं, पूरे भारतीय स्वतंत्रता संग्राम का गौरव हैं। उनका जीवन आदिवासी अस्मिता, देशभक्ति, और आध्यात्मिक शक्ति का जीवंत उदाहरण है। उनके बलिदान और शौर्य की गाथा को राष्ट्रीय पटल पर लाना, आज की पीढ़ी का नैतिक कर्तव्य बनता है। राजा भभूतसिंह कोरकू – एक नाम नहीं, एक स्वाभिमान की ज्वाला हैं, जो आज भी सतपुड़ा की वादियों में गूंजती है।

# प्रमुख राजस्व आयुक्त एवं आयुक्त भू-अभिलेख कार्यालयों के पुनर्गठन की स्वीकृति

**एकीकृत कार्यालय का नाम होगा कार्यालय आयुक्त भू-संसाधन प्रबंधन**

**कम्पोजिट लॉजिस्टिक हब पवारखेड़ा परियोजना को हस्तांतरित करने का निर्णय**

**श्रम कानूनों में सरलीकरण के लिए तीन श्रम कानूनों में संशोधन का अनुमोदन**

**मध्यप्रदेश में एग्रीटेक हब / इनोवेशन हब फॉर एग्रीकल्चर "Agritech-Hub/Innovation Hub for Agriculture" परियोजना की स्थापना के लिए मंत्रि-परिषद का अनुमोदन**

**राजा भभूत सिंह के शौर्य और बलिदान को समर्पित मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में मंत्रि-परिषद की बैठक पचमढ़ी के राजभवन में हुई आयोजित**

भोपाल ब्यूरो।

राजा भभूत सिंह के शौर्य और बलिदान को समर्पित मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में मंत्रि-परिषद की बैठक पचमढ़ी के राजभवन में हुई। नर्मदापुरम जिले के हित में बड़ा निर्णय लेते हुए मंत्रि परिषद ने मे0 केसर मल्टी मॉडल लॉजिस्टिक लि0 व्दारा क्रियान्वित कम्पोजिट लॉजिस्टिक हब पवारखेड़ा परियोजना को मे0 डी.पी.वर्ल्ड मल्टीमॉडल लॉजिस्टिक प्रा0 लि0 को हस्तांतरित किये जाने का निर्णय लिया है।



### प्रमुख राजस्व आयुक्त एवं आयुक्त भू-अभिलेख कार्यालयों के पुनर्गठन की स्वीकृति

मंत्रि-परिषद ने निर्णय लिया कि प्रमुख राजस्व आयुक्त एवं आयुक्त भू-अभिलेख कार्यालयों का पुनर्गठन किया जाये। दोनों कार्यालयों के पुनर्गठन के फलस्वरूप एकीकृत कार्यालय का नाम कार्यालय आयुक्त भू-संसाधन प्रबंधन होगा, जिसमें एक मुख्यालय एवं एक सहायक मुख्यालय होगा। वर्तमान आवश्यकताओं के अनुरूप अधीक्षक भू-अभिलेख एवं सहायक अधीक्षक भू-अभिलेख को क्रमश: तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार में समायोजित किया गया है। इस तरह प्राप्त अतिरिक्त तहसीलदार और नायब तहसीलदार को न्यायालयीन कार्य एवं गैर न्यायालयीन कार्य जैसे प्रोटोकॉल, कानून व्यवस्था, सर्वे इत्यादि के रूप में पदस्थ किया जायेगा। न्यायालयीन कार्य के लिए पृथक तहसीलदार होने से प्रतिदिन राजस्व न्यायालय में न्यायालयीन कार्यवाही संभव होने से राजस्व प्रकरणों के निराकरण में गति आयेगी।

### श्रम कानूनों में सरलीकरण के लिए तीन श्रम कानूनों में संशोधन का अनुमोदन

मंत्रि-परिषद ने श्रम कानूनों में प्रक्रिया का सरलीकरण एवं छोटे और मध्यम स्तर के संस्थानों और उद्ध्योगों पर अनुपालन के बोझ को कम करने के उद्देश्य से तीन श्रम कानूनों में संशोधन की अनुमति दी है। ठेका श्रम (विनियमन और उत्सादन) अधिनियम, 1970 के अंतर्गत वर्तमान में नियोजन के लिए निर्धारित 20 ठेका श्रमिक सीमा को बढ़ाकर 50 ठेका श्रमिक किया गया है। साथ ही कारखाना अधिनियम, 1948 के अंतर्गत शक्ति की सहायता से विनिर्माण प्रक्रिया चलाने वाले परिसरों में वर्तमान में निर्धारित 10 श्रमिक नियोजित होने तथा बिना शक्ति की सहायता से विनिर्माण प्रक्रिया चलाने वाले परिसरों में वर्तमान में निर्धारित 20 श्रमिक नियोजित होने की सीमा को क्रमश: शक्ति की सहायता से विनिर्माण प्रक्रिया चलाने वाले परिसरों में 20 श्रमिक तथा बिना शक्ति की सहायता से विनिर्माण चलाने वाले परिसरों में 40 श्रमिक तक बढ़ाया गया। इसी प्रकार औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1947 के अंतर्गत वर्तमान में मात्र लोक उपयोगी सेवाओं में हड़ताल तथा तालाबंदी के पूर्व सूचना-पत्र देने के प्रावधान के स्थान पर इसे समस्त औद्योगिक स्थापनाओं में लागू करने का प्रावधान सम्मिलित किया गया है।

मध्यप्रदेश में एग्रीटेक हब / इनोवेशन हब फॉर एग्रीकल्चर ˏgritech-Hub/Innovation Hub for Agriculture परियोजना की स्थापना के लिए मंत्रि-परिषद का अनुमोदन मंत्रि परिषद ने तकनीकी आधारित कृषि विकास एवं कृषि उत्पाद की गुणवत्ता में सुधार की भावी संभावनाओं के दृष्टिगत मध्यप्रदेश में एग्रीटेक हब / इनोवेशन हब फॉर एग्रीकल्चर "Agritech-Hub/Innovation Hub for Agriculture" परियोजना की स्थापना/संचालन के लिए राज्य शासन की ओर से विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग अंतर्गत मध्यप्रदेश राज्य इलेक्ट्रॉनिक्स विकास निगम (MPSEDC) को सहभागीदार बनाये जाने का निर्णय लिया है। साथ ही इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय भारत सरकार द्वारा जारी प्रशासकीय स्वीकृति के अनुरूप भारतीय प्रौद्यागिकी संस्थान, इन्दौर को परियोजना की स्थापना के लिए राज्यांश के रूप में वित्तीय वर्ष 2025-26 में राशि रुपये दो करोड़ की वित्तीय सहायता प्रदान किये जाने का निर्णय लिया गया है।

## प्राकृति का अद्भुत वरदान एवं अद्वितीय नैसर्गिक देन है पचमढ़ी : मुख्यमंत्री

**एक पेड़ मां के नाम अभियान का मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने किया शुभारंभ**

भोपाल ब्यूरो।



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मंगलवार को नर्मदापुरम जिले के पचमढ़ी में राजा भभूत सिंह के शौर्य, बलिदान एवं साहस को स्मरण कर उनकी स्मृति में आयोजित केबिनेट बैठक के उपरांत एक पेड़ मां के नाम अभियान कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने राजा भभूत सिंह उद्यान पहुंचकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए अपनी माताजी के नाम पर आम का पौधा रोपा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि पचमढ़ी प्रकृति के द्वारा दिया गया अद्भुत वरदान और अद्वितीय नैसर्गिक देन है। इसके विकास के लिए सरकार निरंतर कार्य करेगी।

इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री श्री जगदीश देवड़ा एवं उप मुख्यमंत्री श्री राजेंद्र शुक्ल ने भी अपनी-अपनी माताजी के नाम से आम के पौधों का रोपण कर अभियान में सहभागिता की। कार्यक्रम में राज्य सरकार के अन्य मंत्रीगण भी उपस्थित रहे।

## विकसित कृषि संकल्प अभियान से हर किसान को जोड़ें : कमिश्नर

**जल संरक्षण के कार्यों में भागीदारी अनिवार्य रूप से निभाएं - कमिश्नर**



**रीवा,कासं.।** कमिश्नर कार्यालय सभागार में आयोजित बैठक में कमिश्नर बीएस जामोद ने विभागीय कार्यों तथा सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के निराकरण की समीक्षा की। कमिश्नर ने कहा कि विकसित कृषि संकल्प अभियान में सभी जिलों में तीन-तीन दल ग्राम पंचायतों का भ्रमण करके किसानों को खेती की आधुनिक तकनीक से परिचित करा रहे हैं। मैदानी कर्मचारियों तथा ग्राम पंचायत के सहयोग से विकसित कृषि संकल्प अभियान से हर किसान को जोड़ें। कृषि विशेषज्ञ किसान के पास स्वयं पहुंचकर खेती की आधुनिक तकनीक और कृषि, पशुपालन, मछलीपालन तथा उद्यानिकी विभाग की योजनाओं की जानकारी दे रहे हैं। अधिक से अधिक किसान इसका लाभ उठा सकें इसके लिए समन्वित प्रयास करें। अभियान के तहत विभिन्न विभागों द्वारा पात्र किसानों का मौके पर ही आवेदन लेकर विभिन्न योजनाओं के लिए पंजीयन भी किया जा रहा है।

बैठक में कमिश्नर ने कहा कि जल गंगा संवर्धन अभियान भावी पीढ़ी को सुरक्षित रखने का अभियान है। शासन के इस महत्वपूर्ण अभियान में हर अधिकारी भागीदारी निभाकर योगदान दे। संभागीय दल में शामिल सभी अधिकारी सप्ताह में दो दिन क्षेत्र का भ्रमण करके जल गंगा संवर्धन अभियान की मानीटरिंग करें और जल संरक्षण कार्य में श्रमदान करें। भ्रमण के दौरान अन्य विभागों की योजनाओं अथवा जन समस्याओं से जुड़ी महत्वपूर्ण सूचना मिलने पर तत्काल अवगत कराएं।

बैठक में कमिश्नर ने कहा कि समर्थन मूल्य पर गेंहू उपार्जन के बाद अभी चार प्रतिशत गेंहू का संभाग में परिवहन शेष है। इसका दो दिवस में सुरक्षित भण्डारण कराकर शेष किसानों को लंबित राशि का भुगतान कराएं। शासन द्वारा उचित मूल्य की दुकानों से वितरण के लिए तीन माह का खाद्यान्न एक साथ आवंटित किया गया है। क्षेत्रीय प्रबंधक नागरिक आपूर्ति निगम आवंटित खाद्यान्न का एक सप्ताह में उठाव करके दुकानों में भण्डारण कराएं। खाद्यान्न वितरण के समय शेष बचे हितग्राहियों की ई केवाईसी अपडेशन भी अनिवार्य रूप से कराएं। शासन ने इसके लिए समय सीमा को 15 जून तक बढ़ा दिया है।

कमिश्नर ने कहा कि 31 मई तक सेवानिवृत्त हुए 52 शासकीय सेवकों के पेंशन प्रकरण अभी लंबित हैं। संबंधित अधिकारी 7 दिवस में पेंशन प्रकरण अनिवार्य रूप से पेंशन कार्यालय में दर्ज कराएं। शिक्षा, गृह, ग्रामीण विकास, स्वास्थ्य, उच्च शिक्षा तथा राजस्व विभाग पेंशन प्रकरणों के निराकरण पर विशेष ध्यान दें। सभी अधिकारी सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों का तत्परता से निराकरण करें। पीएचई, गृह, स्वास्थ्य ऊर्जा, राजस्व तथा श्रम विभाग में लंबित प्रकरणों की संख्या में तेजी से वृद्धि हुई है। बैठक में कमिश्नर ने महाप्रबंधक उद्योग को स्वरोजगार के प्रकरणों तथा औद्योगिक विकास केन्द्रों की गतिविधियों के विवरण देने के निर्देश दिए। बैठक में संयुक्त आयुक्त दिव्या त्रिपाठी, उपायुक्त राजस्व श्रेयस गोखले, डीन मेडिकल कालेज डॉ सुनील अग्रवाल, अतिरिक्त संचालक उच्च शिक्षा आरपी सिंह, क्षेत्रीय संचालक स्वास्थ्य डॉ एमएल गुप्ता, संयुक्त संचालक महिला एवं बाल विकास ऊषा सिंह सोलंकी, सहायक संचालक कृषि प्रीति द्विवेदी, संयुक्त संचालक पशुपालन डॉ राजेश मिश्रा, संयुक्त संचालक पेंशन एमएस पैकरा तथा अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

**खेल/व्यापार**

## संक्षिप्त समाचार

### हीरो के दोपहिया वाहनों की बिक्री 5 लाख के पार

**नईदिल्ली,ए.।** हीरो मोटोकॉर्प ने पिछले महीने 5.08 लाख मोटरसाइकिल और स्कूटर की खुदरा बिक्री दर्ज की है। दोपहिया वाहन निर्माता ने इसकी जानकारी विनियामक फाइलिंग में दी है। यह बिक्री आंकड़ा मई, 2024 के 4.98 लाख की तुलना में सालाना मामूली 1.9 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है। मासिक आधार पर बिक्री की तुलना करें तो यह 66 फीसदी की बढ़ोतरी दर्शाता है, जब 3.05 लाख दोपहिया वाहन बेचे। यह गिरावट 3 दिन तक चार प्लांट बंद रहने के कारण आई थी। मई में मोटरसाइकिल बिक्री 4.75 लाख तक पहुंच गई, जो पिछले साल मई की 4.71 लाख की तुलना में मामूली 0.8 फीसदी की सालाना वृद्धि दर्शाता है। स्कूटर सेगमेंट ने 32,537 की बिक्री दर्ज की है। यह आंकड़ा अप्रैल की तुलना में मासिक आधार पर 68 फीसदी अधिक है, लेकिन सालाना आधार पर 20.8 फीसदी कम है। अप्रैल और मई महिने की कुल बिक्री 8.13 लाख तक पहुंच गई, जो पिछले साल की 10.32 लाख से 21.2 फीसदी कम है। हीरो की इलेक्ट्रिक मोबिलिटी शाखा विदा इलेक्ट्रिक ने पिछले महीने 8,361 इलेक्ट्रिक स्कूटर बेचे हैं, जिसमें वी2 सेगमेंट के 7,161 इलेक्ट्रिक स्कूटर शामिल हैं। विदा ने इलेक्ट्रिक सेगमेंट में 7.2 फीसदी बाजार हिस्सेदारी हासिल की है और 1 जुलाई को नया स्कूटर लॉन्च की तैयारी कर रही है। दूसरी तरफ बिक्री बढ़ाने के लिए कंपनी अपने प्रीमियम रिटेल नेटवर्क का विस्तार कर रही है, जिसमें प्रीमिया आउटलेट अब 100 से अधिक स्थानों को कवर करते हैं।

### सप्ताह के पहले दिन शेयर बाजार टूटा, सेंसेक्स 539 अंक गिरकर खुला, निफ्टी 24,610 पर

**मुंबई,ए.।** कारोबारी सप्ताह के पहले दिन शेयर बाजार रेड जोन में खुला. बीएसई पर सेंसेक्स 539 अंकों की गिरावट के साथ 80,911.19 पर ओपन हुआ. वहीं, एनएसई पर निफ्टी 0.57 फीसदी की गिरावट के साथ 24,610.40 पर खुला. आज के कारोबार के दौरान इंडियन एनर्जी एक्सचेंज, इंडिगो पेंट्स, मणप्पुरम फाइनेंस, टाटा मोटर्स, महिंद्रा एंड महिंद्रा, निवा बूपा हेल्थ इंश्योरेंस कंपनी, एलेम्बिक फार्मास्यूटिकल्स, इरकॉन इंटरनेशनल, गोदरेज प्रॉपर्टीज, टीटागढ़ रेल सिस्टम्स, एस्ट्राजेनेका फार्मा इंडिया, जीनस पावर इंफ्रास्ट्रक्चर और एफएसएन ई-कॉमर्स वेंचर्स नाइका के शेयर फोकस में रहेंगे. कारोबारी सप्ताह के आखिरी दिन शेयर बाजार लाल निशान पर बंद हुआ. बीएसई पर सेंसेक्स 182 अंकों की गिरावट के साथ 81,451.01 पर क्लोज हुआ. वहीं, एनएसई पर निफ्टी 0.33 फीसदी की गिरावट के साथ 24,750.70 पर बंद हुआ. कारोबार के दौरान लार्सन एंड टूब्रो, अडाणी पोर्ट्स, इटरनल, नेस्ले, सन फार्मा और मारुति के शेयरों में तेजी रही. वहीं, सेंसेक्स की कंपनियों में इंफोसिस, टेक महिंद्रा, एचसीएल टेक, इंडसइंड बैंक, महिंद्रा एंड महिंद्रा और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज पिछड़ गई. व्यापक बाजारों ने शुरुआती बढ़त को खत्म कर दिया, लेकिन बढ़त दर्ज की गई. निफ्टी मिडकैप में 0.18 फीसदी की बढ़त दर्ज की गई, जबकि निफ्टी स्मॉलकैप में 0.21 फीसदी की बढ़त दर्ज की गई. अधिकांश क्षेत्रीय सूचकांक लाल निशान पर थे, जिनमें निफ्टी मेटल इंडेक्स, निफ्टी ऑटो और निफ्टी आईटी इंडेक्स शामिल थे।

### केनरा बैंक के अकाउंट में मिनिमम बैलेंस रखने का झंझट खत्म...नया नियम लागू

**नई दिल्ली,ए.।** केनरा बैंक ने अपने ग्राहकों के लिए एक बहुत ही राहत भरा फैसला लिया है. रविवार को बैंक ने अपने सभी ग्राहकों को राहत देते हुए बचत खाते में न्यूनतम बैलेंस न रखने पर लगने वाले जुर्माने को पूरी तरह से खत्म करने का ऐलान किया है. बैंक का यह नया नियम 1 जून 2025 से लागू हो गया है. केनरा बैंक ने अपने ग्राहकों के लिए अपने सभी बचत खातों पर यह नियम लागू कर दिया है. रेगुलर अकाउंट हो, सैलरी अकाउंट हो या एनआरआई अकाउंट हो, किसी को भी जीरो बैलेंस पर पेनाल्टी नहीं देनी होगी।

## डब्ल्यूटीसी फाइनल से पहले ऑस्ट्रेलिया के स्टार ऑलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल ने की संन्यास की घोषणा



**नईदिल्ली ,एजेंसी।** वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप 2025 का फाइनल मैच 11 जून से ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका के बीच इंग्लैंड के लॉर्ड्स में खेला जाना है. दोनो टीमों ने इसके लिए अपनी तैयारियां भी शुरू कर दी है और उनके बोर्ड ने फाइनल टेस्ट के लिए अपने अपने स्क्वाड का भी ऐलान कर दिया है. मेगा टेस्ट फाइनल से केवल 10 दिन पहले आस्ट्रेलिया के स्टार ऑलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल ने टी20 क्रिकेट पर ध्यान केंद्रित करने के लिए वनडे क्रिकेट से संन्यास की घोषणा करके सबको चौंका दिया.क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने घोषणा की कि मैक्सवेल ने यह निर्णय भारत और श्रीलंका में होने वाले 2026 टी20 विश्व कप की तैयारी को ध्यान में रखते हुए लिया है। बोर्ड ने यह भी बताया कि मैक्सवेल बिग बैश लीग और अन्य अंतरराष्ट्रीय प्रतिबद्धताओं पर ध्यान केंद्रित करना चाहते हैं। दिलचस्प बात ये है कि मैक्सवेल ने टेस्ट से अभी तक रिटायरमेंट का ऐलान नहीं किया और न ही चयनकर्ता उनके टेस्ट स्क्वाड में शामिल किए जाने पर विचार किया जा रहा है। उन्होंने अब तक कुल 7 टेस्ट मैच खेले हैं. वनडे से रिटायरमेंट के अपने निर्णय के बारे में एक पॉडकास्ट में बात करते हुए मैक्सवेल ने कहा, उन्होंने क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के चयनकर्ताओं के अध्यक्ष जॉर्ज बेली से बात की और उन्हें बताया कि वह 2027 के वनडे विश्व कप तक नहीं खेल पाएंगे, इस लिए बोर्ड को आगे के बारे में अभी से सोचना शुरू कर देना चाहिए. इसके अलावा, उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि वह स्वार्थी कारणों से कुछ और श्रृंखला नहीं खेलना चाहते थे और टीम प्रबंधन को अगले वनडे विश्व कप के लिए उनके प्रतिस्थापन की तलाश करने के लिए पर्याप्त समय देना चाहते थे। 36 वर्षीय मैक्सवेल ने भारत और श्रीलंका में 2026 में होने वाले टी20 विश्व कप, बिग बैश लीग और अपनी अन्य वैश्विक प्रतिबद्धताओं के लिए अपनी तैयारी को प्राथमिकता देने का निर्णय लिया है. यानी अब वो सिर्फ टी20 क्रिकेट पर ही फोकस करेंगे। आईपीएल में मैक्सवेल इस साल पंजाब किंग्स के लिए खेल रहे हैं लेकिन चोट के कारण वो बीच मे ही टूर्नामेंट के छोड़कर देश लौट गए थे। लेकिन वनडे में मैक्सवेल ने कुल 149 मैच खेले हैं जिस में 33.81 की औसत से 3,990 रन बनाए, जिसमें उनके नाम 4 शतक और 23 अर्धशतक शामिल हैं। उनका उच्चतम स्कोर नाबाद 201 रन है, जो उन्होंने अफगानिस्तान के खिलाफ 2023 वनडे वर्ल्ड में बनाया था। इसके अलावा वो एक अच्छे ऑफ स्पिनर के रूप में 77 विकेट भी झटके, जिनमें 4 बार चार विकेट हॉल शामिल हैं. वह एक बेहतरीन क्षेत्ररक्षक हैं, उन्होंने इस प्रारूप में 91 कैच भी अपने नाम किए हैं. उनका आखिरी वनडे आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 का मैच था, जहां ऑस्ट्रेलिया सेमीफाइनल में इंडिया से हार गया था। वह 2015 और 2023 में ऑस्ट्रेलिया की विश्व कप विजेता टीम का भी हिस्सा थे।

## अगले महीने से आप पर बढ़ने जा रहा बोझ, एचडीएफसी और आईसीआईसीआई बैंकों ने लिया लिया बड़ा फैसला

**नई दिल्ली,एजेंसी।** एचडीएफसी बैंक और आईसीआईसीआई बैंक जैसे प्रमुख निजी बैंकों ने 1 जुलाई से क्रेडिट कार्ड और बैंकिंग सेवाओं पर शुल्क बढ़ाने का फैसला किया है. दोनों बैंकों ने आधिकारिक अधिसूचनाओं के माध्यम से अपने ग्राहकों को इन बदलावों के बारे में सूचित किया. इसके साथ ही एचडीएफसी बैंक ने ऑनलाइन गेमिंग, डिजिटल वॉलेट और यूटिलिटी बिल भुगतान से संबंधित लेनदेन पर ध्यान केंद्रित करते हुए क्रेडिट कार्ड उपयोगकर्ताओं के लिए संशोधित शुल्क भी पेश किया है.

अगर कोई ग्राहक ड्रीम11, रम्मी कल्चर, जंगली गेम्स या एमपीएल जैसे ऑनलाइन स्किल-बेस्ड गेमिंग प्लेटफॉर्म पर एचडीएफसी क्रेडिट कार्ड का इस्तेमाल करके एक महीने में 10,000 रुपये से ज्यादा खर्च करता है, तो इस कैटेगरी में कुल मासिक खर्च पर 1 फीसदी शुल्क लिया जाएगा। यह शुल्क 4,999 रुपये प्रति महीने तक सीमित रहेगा. साथ ही ऐसे गेमिंग ट्रांजैक्शन के लिए कोई रिवॉर्ड पॉइंट नहीं दिए जाएंगे।

इसी प्रकार अगर एचडीएफसी क्रेडिट कार्ड का उपयोग करके पेटीएम, मोबिक्विक, फ्रीचार्ज या ओला मनी जैसे तीसरे पक्ष के वॉलेट में एक महीने में 10,000 रुपये से अधिक राशि डाली जाती है, तो पूरी राशि पर 1 फीसदी शुल्क लगेगा, जिसकी सीमा भी 4,999 रुपये प्रति माह होगी।

यूटिलिटी भुगतान के लिए, यदि कुल खर्च एक महीने में 50,000 रुपये से अधिक हो जाता है, तो 1 फीसदी शुल्क जोड़ा जाएगा. फिर से 4,999 रुपये की मासिक सीमा के साथ. हालांकि, एचडीएफसी बैंक ने स्पष्ट किया है कि बीमा भुगतान को यूटिलिटी भुगतान के रूप में नहीं माना जाएगा, इसलिए ऐसे मामलों में कोई अतिरिक्त शुल्क नहीं लगाया जाएगा. बैंक ने किराए, ईंधन और शिक्षा लेनदेन के लिए अधिकतम शुल्क में भी संशोधन किया है। इन श्रेणियों में शुल्क की ऊपरी सीमा अब 4,999 रुपये प्रति लेनदेन होगी. किराए के भुगतान पर 1 फीसदी शुल्क अपरिवर्तित रहेगा।

## श्रेयस अय्यर ने रचा इतिहास, आईपीएल क्वालीफायर-2 में टूटे 4 बड़े रिकॉर्ड

**-मुंबई के नाम जुड़ा ये शर्मनाक रिकॉर्ड**



**अहमदाबाद,ए.।** पंजाब किंग्स ने रविवार, 1 जून को आईपीएल 2025 के क्वालीफायर-2 में मुंबई इंडियंस पर पांच विकेट से हराकर इतिहास रच दिया. इस के साथ प्रीति जिंटा की टीम का फाइनल में पहुंचने का सपना 11 साल बाद साकार हो गया, अब वो पहली बार आईपीएल ट्रॉफी उठाने से महज एक कदम दूर हैं. पीबीकेएस अब 3 जून को ढ्ढक्क फाइनल में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु से भिड़ेगी, जिससे यह सुनिश्चित होगा कि इस साल लीग को एक नया चैंपियन कौन होगा, क्योंकि 17 साल के आईपीएल इतिहास में पीबीकेएस, आरसीबी और दिल्ली ने एक भी ट्रॉफी नहीं जीत सकी है. अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेले गए आईपीएल 2025 क्वालीफायर 2 में मुंबई ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 203 रन बनाए थे, जिसको पंजाब ने कप्तान श्रेयस अय्यर की शानदार नाबाद 87 रन की पारी की बदौलत 19 ओवर में ही चेस कर लिया अय्यर आईपीएल फाइनल में तीन अलग-अलग टीमों की अगुआई करने वाले पहले कप्तान बन गए. इससे पहले अय्यर ने 2020 में दिल्ली कैपिटल्स को फाइनल में पहुंचाया, फिर 2024 में कोलकाता नाइट राइडर्स को फाइनल में पहुंचाया. अब, 2025 में, उन्होंने 2014 के बाद से पंजाब किंग्स को अपने पहले फाइनल में पहुचाया है. कप्तान के रूप में ये अय्यर का लगातार दूसरा फाइनल होगा इस मैच में पंजाब किंग्स ने एक और बड़ा रिकॉर्ड अपने नाम किया जब उन्होंने आईपीएल प्लेऑफ या नॉकआउट के इतिहास में पहली बार 200 प्लस स्कोर को सफल चेस किया।

# सिविल हॉस्पिटल जोरा द्वारा डोंगरपुर गांव में लगाया गया इंटीग्रेटेड हेल्थ कैंप



**जौरा।** विकास खंड के ग्राम डोंगरपुर में इंटीग्रेटेड हेल्थ कैंप लगाया गया जिसमें ग्राम की सरपंच श्रीमती रीना चंद्रपाल यादव, सचिव विन्तोष रावत विशेष रूप से उपस्थित थे, इनके अलावा सिविल हॉस्पिटल जोरा के मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ आर एस सेमिल,बीपीएम महेंद्र पाल सिंह,मेडिकल ऑफिसर आर बी शर्मा, आईसीटीसी के परामर्शदाता संदीप सेंगर, मनीकांत शर्मा,एमपीएस एल एन कुशवाहा, एस टी एल एस रणवीर गोयल,एन एम ए कमलेश कुमार श्रीवास्तव, सी एच ओ रामवीर बांदिल, लैब टेक्नीशियन वीरेंद्र सिंह बंसल आशा सहयोगिनी श्रीमती ममता कुशवाहा,वन स्टॉप सेंटर के सेंटर मैनेजर गंगाराम बंजारा, टी आई परियोजना से कु अनमोल छारी, विहान संस्था की ओ आर डब्लू श्रीमती दीपा खरे एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता श्रीमती गीता देवी, आशा कार्यकर्ता श्री मती रिंकू पचोरी, श्रीमती संगीता आदिवासी मौजूद थी। शिविर में उपस्थित लोगों का डॉ आर बी शर्मा द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण किया गया एवं लेव टेक्नीशियन वीरेंद्र बंसल द्वारा एचआईवी, सिफलिस, हेपेटाइटिस बी सी व अन्य जांचें की गई तथा सी एच ओ रामवीर बांदिल एवं रणवीर गोयल द्वारा टी वी के संभावित व्यक्तियों की स्क्रीनिंग कर उन्हें स्पूटम कलेक्शन हेतु कंटेनर प्रदान किए गए तथा कुष्ठ रोग की स्क्रीनिंग कमलेश कुमार श्रीवास्तव द्वारा की गई जिसके तहत उन्होंने कुष्ठ के संभावित रोगियों की पहचान भी की शिविर में उपस्थित लोगों को सी बी एम ओ डॉ आर एस सेमिल द्वारा स्वास्थ्य संबंधित जानकारी प्रदान करते हुए उन्हें शासन द्वारा जन समुदाय के लिए संचालित कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए अधिक से अधिक स्वास्थ्य से संबंधित योजनाओं को लाभ लेने हेतु लोगों को प्रेरित किया इस अवसर पर आईसीटीसी परामर्शदाता संदीप सेंगर द्वारा जन समुदाय को एचआईवी एड्स के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई साथ ही एचआईवी संक्रामक होने के चार कारणों पर विस्तार से समझाया वहीं संक्रमित व्यक्ति से समाजिक स्तर पर भेदभाव नहीं किए जाने हेतु समझाया गया, शिविर में उपस्थित लोगों को रणवीर गोयल द्वारा टीवी संक्रमण होने के कारणों की जानकारी दी तथा कमलेश कुमार श्रीवास्तव द्वारा कुष्ठ रोग को पहचानने के तरीके समझाये।

# यात्रियों से भरी बस पलटी, मची चीख पुकार, एक दर्जन घायल

## कैलारस थाना क्षेत्र अंतर्गत शेरपुर फाटक की घटना



**कैलारस।** यात्रियों से भरी बस अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे के बाद यात्रियों की चीख पुकार मच गई। स्थानीय लोगो ने मोके पर पहुंचकर घायलों को बाहर निकाला। करीब एक दर्ज लोग घायल हुए है। हादसे की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को अस्पताल पहुंचाया। हादसा जिले के कैलारस थाना क्षेत्र अंतर्गत शेरपुर फाटक की है जानाकरी के अनुसार गांव खिडोरा से सुबह ग्रामीणों को लेकर बस मंगलवार सुबह मुरैना जा रही थी। बस जैसे ही शेखपुरा फाटक पर पहुंची अनियंत्रित होकर पलट गई। बस केपलटते ही सवारी में चीख पुकार मच गई। आसपास के ग्रामीण की मदद से बस के अंदर से यात्रियों को बाहर निकला। किसी यात्री के सिर में तो तो किसी के हाथ में तो किसी के पैर में लगी थी। घायलों को जोरा के शासकीय सिविल अस्पताल भेजा गया। जहां घायलों का इलाज जारी है। वहीं गंभीर घायलों को जिला अस्पताल रैफर किया जा रहा है।

**यह हुए घायल**

रेखा पत्नी श्यामवीर सिकरवार उम्र 45 साल निवासी खिडोरा, अनिरुद्ध सिंह तोमर पिता शुगर सिंह तोमर उम्र 45 वर्ष निवासी जनकपुर पोरसा, श्यामवती पत्नी कल्याण सिंह सिकरवार उम्र 55 वर्ष निवासी खिडोरा, मुन्नू पिता अब्दुल खान उम्र 70 वर्ष निवासी ग्वालियर, रीना पत्नी रिंकू भदोरिया उम्र 36 वर्ष निवासी मोना जिला भिंड, दीक्षा भदोरिया पिता रिंकू भदोरिया उम्र 10 साल निवासी मोना थाना गोरमी जिला भिंड, रंजना भदोरिया पति अजय भदोरिया उम्र 35 वर्ष निवासी सालपुर पोरसा, कार्तिक भदोरिया पिता अजय भदोरिया।

# आबकारी विभाग द्वारा 112 विभागीय एवं 62 आपराधिक प्रकरण दर्ज






**मुरैना,कांस।** कलेक्टर श्री अंकित अस्थाना के आदेशानुसार जिला आबकारी अधिकारी श्री जितेन्द्र सिंह गुर्जर के मार्गदर्शन में माह मई 2025 में जिले में अवैध मदिरा आधिपत्य एवं परिवहन के कुल 62 प्रकरण दर्ज किये गये हैं। जिनमें मुरैना वृत्त में राजू तोमर, पार्थ कुशवाह पुत्र शिवचरण, निवासी-नावली, राकेश सिंह जाटव पुत्र अंगद, निवासी-ग्राम परीक्षा, मुरैना, दिनेश शर्मा पुत्र द्वारिका प्रसाद, निवासी-जेवराखेरा, मुरैना, रिंकू सोलंकी पुत्र पुत्तीलाल, निवासी-मुंगावली, सौरव यादव पुत्र अशोक, निवासी - महाराजपुर मुरैना, रवि उर्फ ब्रजराज गुर्जर पुत्र भूरा, निवासी-तुस्सीपुरा, मुरैना, अम्बाह वृत्त में सनी श्रीवास पुत्र दीवान सिंह, निवासी-दिमनी, वीरेन्द्र सिंह तोमर पुत्र तहसीलदार सिंह, निवासी-गोठ, संजीव भटनागर पुत्र वीरेन्द्र, निवासी- बड़फरा, बृजेन्द्र परमार पुत्र मुकट सिंह, निवासी- बड़फरा, अम्बाह, सबलगढ़ वृत्त में रामबाबू पुत्र गोपी अटल, निवासी-नीवन का पुरा, राहुल बाथम पुत्र मावसिया, निवासी-काजोन घाटी, बैजनाथ पुत्र रामप्रसाद रावत, निवासी-ग्राम पहाड़ी, दिनेश मांझी पुत्र दामोदर, निवासी-कहारपुरा एवं जौरा वृत्त में राकेश शर्मा पुत्र जगदीश शर्मा, निवासी-अलापुर, जौरा, लोकेन्द्र सिकरवार पुत्र मोहन सिंह सिकरवार, निवासी-ग्राम चचिहा थाना बागचीनी, जौरा, अरुण कुशवाह पुत्र उम्मेद कुशवाह, निवासी-तालपुरा थाना बागचीनी, जौरा, विजय सिंह पुत्र तोताराम जाटव, निवासी-चंदाबाई का पुरा, जौरा, गिर्राज बघेल पुत्र मलखान सिंह बघेल, निवासी-नरहेला रोड, जौरा इत्यादि के विरुद्ध प्रकरण पंजीबद्ध किये गये हैं। माह मई 2025 में वृत्त मुरैना में 10 मई को आरोपी दिनेश शर्मा के आधिपत्य से 63 बल्क लीटर मदिरा, 14 मई को आरोपी रिंकू सोलंकी के आधिपत्य से 63 बल्क लीटर मदिरा, 16 मई को आरोपी सौरव यादव के आधिपत्य से 60.24 बल्क लीटर मदिरा, 24 मई 2025 को आरोपी रवि उर्फ ब्रजराज गुर्जर के आधिपत्य से 54 बल्क लीटर मदिरा एवं वृत्त जौरा में 12 मई को आरोपी लोकेन्द्र सिकरवार के आधिपत्य से 687 बल्क लीटर मदिरा जब्त कर कुल 05 प्रकरण मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम, 1915 की धारा 34(2) अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध किये गये हैं। इस अवधि में पंजीबद्ध किये गये प्रकरणों में लगभग 4 लाख 61 हजार 460 रुपये की 960.12 बल्क लीटर देशी मदिरा, 1 हजार 440 रुपये की 4.41 बल्क लीटर विदेशी मदिरा तथा 39 हजार 900 रुपये की 104.60 बल्क लीटर बीयर जप्त की गई। इसी अवधि में जिले की कम्पोजिट मदिरा दुकानों के निरीक्षण के दौरान पायी गयी अनियमितताओं पर कुल 112 विभागीय प्रकरण लायसेंसियों के विरुद्ध दर्ज कर 98 हजार 400 रुपये का जुर्माना लगाया गया। माह अप्रैल 2025 में जिले की मदिरा दुकानों के लायसेंसियों से जुर्माने की राशि 98 हजार रुपये तथा न्यूनतम प्रत्याभूत ड्यूटी की राशि 25,96,57,340 रुपये जमा कराई गई। कम्पोजिट मदिरा दुकानों पर मदिरा विक्रय दरों पर प्रभावी नियंत्रण रखे जाने हेतु सहायक जिला आबकारी अधिकारी श्री सुरेन्द्र सिंह राठौड़ के नेतृत्व में गठित दल द्वारा मदिरा विक्रय दरों पर प्रभावी नियंत्रण रखे जाने हेतु लगातार मदिरा दुकानों पर निरीक्षण, टेस्ट परचेज किये जाने के साथ-साथ क्षेत्र में दबिश एवं उपलंभन कार्य किया जा रहा है।

# युवती ने फांसी लगाकर आत्महत्या की

**मुरैना,कांस।** महुआ थाना क्षेत्र में एक 17 साल की युवती ने अपने घर पर फांसी का फन्दा लगाकर झूल गई जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के महुआ कस्वे में निवास करने वाली युवती दीप्ती पुत्री बृजेश कुशवाह उम्र 17 साल ने अपने घर के कमरे में फांसी का फन्दा लगाकर झूल गई जिससे उसकी मौत हो गई। थाना पुलिस ने युवती की मौत पर मर्ग कायम कर विवेचना शुरू कर दी है।

# तहसील मुरैना में पदस्थ राजस्व निरीक्षक तत्काल प्रभाव से निलंबित

**मुरैना,कांस।** तहसील मुरैना में पदस्थ राजस्व निरीक्षक श्री सरस्वती शरण शर्मा को न्यायालय तहसीलदार में पंजीकृत प्रकरण में दल गठन कर सीमांकन कराया जाकर तहसीलदार मुरैना को प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के लिये निर्देशित किया गया था। परन्तु श्री सरस्वती शरण शर्मा, वृत्त बडोखर राजस्व निरीक्षक द्वारा अपने कर्तव्य का पालन नहीं किया गया एवं अपनी स्वेच्छाचारिता दर्शाते हुये अनुविभाग स्तर पर बने वाट्सएप ग्रुप पर उनके द्वारा लेख किया गया कि ''पूर्व में भी कई बार लिखित और मौखिक रूप से आपको मेरे द्वारा स्वयं और वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा भी अवगत कराया जा चुका है। तहसीलदार को सीमांकन प्रकरण में दल गठन करने की अधिकारिता नहीं है। उसके पश्चात् भी आपके द्वारा जारी उपरोक्त अधिकारिता विहीन आदेश के पालन में मेरे द्वारा कोई भी कार्य किया जाकर आपको प्रतिवेदन दिया जाना संभव नहीं होने से व्हाट्सएप पर ही सादर सूचित किया जाता है।÷ इस अनुशासनहीनता के चलते राजस्व निरीक्षक द्वारा अपनी सीमाओं को अतिलंघन किया गया एवं राजस्व न्यायालय के पीठासीन अधिकारी के निर्देशों की अवहेलना की गई। साथ ही तहसीलदार की प्राधिकरण को वाट्सएप ग्रुप में चुनौती दी गई है। इस गंभीर अनुशासनहीनता के चलते श्री शर्मा को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया जाता है। निलंबन अवधि में इनका मुख्यालय तहसीलदार तहसील कार्यालय बामौर रहेगा। इस अवधि में श्री शर्मा को जीवन निर्वाह भत्ता की नियमानुसार पात्रता होगी।

# जिला मुख्यालय पर जनसुनवाई में 122 आवेदनकर्ताओं को सुना




**मुरैना,कांस।** मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार प्रत्येक मंगलवार को प्रातः 11 से दोपहर 01 बजे तक जनसुनवाई करने के निर्देश हैं। निर्देशों के तहत जिला मुख्यालय पर कलेक्ट्रट मुरैना में कलेक्टर श्री अंकित अस्थाना के निर्देश पर संयुक्त कलेक्टर श्री राजन बी नाडिया ने जनसुनवाई की। जनसुनवाई के दौरान 122 आवेदन प्राप्त हुये। संयुक्त कलेक्टर ने प्रत्येक आवेदन को बारी-बारी से सुना और उनकी समस्या का निराकरण करने का आश्वासन संबंधित आवेदनकर्ता को दिया। 122 आवेदनों में से 2 आवेदन ऐसे पाये गये, जिनका समाधान टीएल बैठक में संभव था। जनसुनवाई में 06 माह की गर्भवती महिला का प्रकरण प्राप्त हुआ। महिला का पति बेलदारी का काम करता है, महिला अभी बड़ोखर में अपने पिता के साथ किराए से रह रही है, जो कि विकलांग है। महिला भूखंड की माँग के लिए स्वयं आवेदन देने दूसरी बार जनसुनवाई में आई थी। डिप्टी कलेक्टर सुश्री मेघा तिवारी द्वारा प्रकरण को नगर निगम, स्वास्थ्य विभाग व महिला बाल विकास को दिया गया। महिला बाल विकास विभाग से जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री ओपी पांडे द्वारा महिला को 2-2 पैकेट टीएचआर, खिचड़ी, बेसन लड्डू, सोया बर्फी तत्काल बुलवाकर दिये गये एवं संबंधित आंगनबाड़ी को महिला को प्रतिदिन पौष्टिक आहार देने हेतु निर्देशित किया। जनसुनवाई में कब्जा हटवाने, भूमि से शासकीय रास्ता हटवाने, नामांतरण, बंटवारा, विद्युत, राशन आदि के आवेदन प्राप्त हुये, जिनका निराकरण बारी-बारी से सुनकर अधिकारियों को निराकरण हेतु प्रस्तुत किये। जनसुनवाई में संयुक्त कलेक्टर श्री शुभम शर्मा, एसडीएम मुरैना श्री बीएस कुशवाह, डिप्टी कलेक्टर श्री वीरेन्द्र कटारे, डिप्टी कलेक्टर सुश्री मेघा तिवारी सहित समस्त जिलाधिकारी उपस्थित थे।

# ''विकसित कृषि संकल्प अभियान'' का आयोजन ग्राम सिरमिती में किया

## कृषकों को कृषि की उन्नत तकनीकों की जानकारी दी




**मुरैना,कांस।** कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय भारत सरकार द्वारा विकसित कृषि संकल्प अभियान का आयोजन 29 मई से 12 जून 2025 तक किया जा रहा है। अभियान का शुभारम्भ कलेक्टर कार्यालय से हरी झंडी दिखाकर किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुरैना विकासखंड के सिरमिती ग्राम में किया गया। कार्यकम में मुख्य आतिथि सदस्य कृषि स्थाई समिति श्रीमती दीपा तोमर एवं अध्यक्षता सरपंच सिरमिती श्री पूरन सिंह द्वारा की गई। कार्यक्रम में सह-संचालक अनुसंधान, आंचलिक कृषि अनुसंधान केन्द्र मुरैना डॉ. संदीप सिंह तोमर, उप संचालक कृषि श्री पी.सी. पटेल, सहायक यंत्री कृषि अभियांत्रिकी, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी मुरैना ब्लॉक, ग्रामीण वागवानी विस्तार अधिकारी तथा कृषि वैज्ञानिक उपस्थित थे। इस अवसर पर वैज्ञानिकों द्वारा कृषि की उन्नत तकनीकों की जानकारी कृषकों को दी। सह-संचालक अनुसंधान डॉ. संदीप सिंह तोमर ने कृषकों को मृदा एवं जल संरक्षण के महत्व एवं वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. प्रशान्त गुप्ता द्वारा जिले में उद्यानिकी फसलों की संभावना, उप संचालक कृषि श्री पटेल ने किसानों को शासन की विभिन्न योजनाओं, सहायक कृषि यंत्री द्वारा विभिन्न कृषि यंत्रों तथा द्वारा दिये जाने वाले अनुदान की जानकारी प्रदान की। इफको के क्षेत्रिय प्रबंधक डॉ बी.एस. जादौन ने ड्रोन तकनीकी की जानकारी दी एवं ड्रोन लाइव प्रदर्शन भी किया। कार्यक्रम में लगभग 200 कृषकों की सहभागिता रही। इस अभियान में प्रतिदिन अलग-अलग विकासखण्डों के तीन-तीन गांवों में वैज्ञानिक एवं अन्य अधिकारियों के तीन दल इस कार्यक्रम में सक्रिय रूप से संलग्न हैं। 2 जून 2025 तक जिले के 7 विकासखण्डों के 45 गांवों में कार्यक्रम संचालित किये जा चुके हैं। जिसमें लगभग 3000 कृषकों व अन्य की सहभागिता हो चुकी है।

# ईदुज्जुहा और मोहर्रम शांति और भाईचारे के साथ मनायें - अपर कलेक्टर

## जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक सम्पन्न



**मुरैना,कांस।** ईदज्जुहा और मोहर्रम का त्यौहार शांति और भाईचारे एवं सौहार्द के साथ मनाये जाने के लिये जिला शांति समिति के सदस्यों ने जिलेवासियों से अपील की है। यह बैठक कलेक्टर श्री अंकित अस्थाना के निर्देशन में अपर कलेक्टर श्री सी.बी. प्रसाद की उपस्थिति में मंगलवार को कार्यालय पुलिस अधीक्षक के सभागार में संपन्न हुई। बैठक में सीएसपी मुरैना श्रीमती दीपाली चंदोरिया सहित जिला शांति समिति के सदस्यगण मौजूद थे। बैठक के दौरान अपर कलेक्टर श्री सी.बी. प्रसाद ने कहा कि 07 जून को ईदुज्जुहा और 6 जुलाई, 2025 को मोहर्रम का त्यौहार है। सभी त्यौहारों को शांति और सौहार्द के रूप में मनायें। बैठक के दौरान सीएसपी मुरैना दीपाली चंदोरिया ने वर्तमान में नगर की शांति व्यवस्था के संबंध में शांति समिति के सदस्यों से पूछताछ की। उन्होंने बताया कि आने वाले त्यौहारों पर पर्याप्त पुलिस बल मौजूद रहेगा, शहर में पुलिस भी भ्रमण करेगी।

# सडक हादसो में तीन की मौत

**मुरैना,कांस।** नूराबाद एवं पोरसा थाना क्षेत्रो में अलग-अलग सडक हादसो में तीन लोगो की मौत हो गई वही कई अन्य घायल हो गए। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार नूराबाद थाना क्षेत्र के करह रोड पर ग्राम हटीपुरा कैलारस से निमंत्रण खाने कुछ महिला एवं पुरूष बच्चो के साथ ट्रेक्टर-ट्रॉली से आ रहे, कि वे अभी करह पर ही जा रहे थे कि उसी समय अनियंत्रित होकर ट्रेक्टर-ट्रॉली पलट गया जिसके नीचे दबने से मुन्शी पुत्र मंगलिया जाटव उम्र 50 साल एवं पिस्ता पत्नी पूरन सिंह उम्र 21 साल निवासी हटीपुरा की मौके पर ही मौत हो गई वही एक दर्जन से अधिक घायल हो गए। थाना पुलिस ने घायलो को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराकर व मृतको का पीएम कराकर मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया है। इसी प्रकार एक जानकारी के अनुसार पोरसा थाना क्षेत्र के गउ शाला के पास बुधारा रोड पर जा रहे संजय पुत्र सुरेश बाल्मीक निवासी ग्राम सांटा थाना बागचीनी हाल निवासी वाटरवर्क्स के पास बीएसएफकॉलौनी की सडक हादसे में मौत हो गई। थाना पुलिस ने युवक की मौत पर फरियादी विकास बाल्मीक की रिपोर्ट पर से मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया है।

# चम्बल भवन में जनसुनवाई में 16 आवेदनकर्ताओं को सुना गया

**मुरैना,कांस।** चम्बल भवन मुरैना में ग्वालियर-चम्बल संभाग के कमिश्नर श्री मनोज खत्री के निर्देशन में संयुक्त आयुक्त विकास श्री राजेन्द्र सिंह ने 03 जून, मंगलवार को जनसुनवाई के दौरान 16 आवेदकों की समस्याओं को सुना। जनसुनवाई के दौरान कुछ शिकायतें ऐसी पाई गई, जिनका निराकरण तत्काल संभव नहीं था। जिसके लिये संयुक्त आयुक्त विकास श्री राजेन्द्र सिंह ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को शिकायतों के निराकरण करने के निर्देश दिये। जनसुनवाई के दौरान राजस्व, भूमि विवाद, नामांतरण, बटवारा, अतिक्रमण से संबंधित शिकायतें पाई गईं थीं।

# अर्जित अवकाश की राशि निकालने के बदले प्राचार्य व लिपिक पर रिश्वत मांगने का आरोप

## सेवानिवृत्त शिक्षक ने आयुक्त से की शिकायत

**मुरैना,कांस।** शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय क्रमांक 2 मुरैना के प्राचार्य रामजीलाल लाल मौर्य एवं लिपिक प्रमोद श्रीवास्तव पर सेवानिवृत्त शिक्षक रामसेवक शर्मा ने गंभीर आरोप लगाए हैं। शर्मा का कहना है कि उनके अर्जित अवकाश के नकदीकरण की राशि देने की एवज में प्राचार्य व लिपिक ने 1 लाख रुपये की मांग की थी। रामसेवक शर्मा ने बताया कि वे 31 दिसंबर 2022 को सेवा निवृत्त हुए थे। सेवा निवृत्ति के बाद उन्होंने अपने अर्जित अवकाश की राशि के लिए आवेदन दिया था, लेकिन प्राचार्य व लिपिक द्वारा टालमटोल की जा रही है। शर्मा का कहना है कि जब उन्होंने लिपिक प्रमोद श्रीवास्तव से संपर्क किया तो उन्होंने सीधे तौर पर एक लाख रुपये की मांग की। यह भी कहा गया कि बिना पैसे के उनका भुगतान नहीं किया जाएगा। शिकायतकर्ता ने बताया कि संस्था के ही एक अन्य शिक्षक श्री लाखन सिंह राजपूत, सुल्तान सिंह सोनी,मलखान सिंह नागर जो 2023 में सेवा निवृत्त हुए, को मात्र 50 दिनों में उनकी अर्जित अवकाश की राशि प्राप्त हो गई, जबकि वे स्वयं लगातार प्रयासों के बाद भी आज तक वंचित हैं। रामसेवक शर्मा ने इस संदर्भ में जनसुनवाई पोर्टल के माध्यम से 20 मई 2025 को भी शिकायत दर्ज की थी, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसके बाद उन्होंने पुनः 27 मई 2025 को एक आवेदन और प्रस्तुत किया, लेकिन अभी तक कोई सुनवाई नहीं हुई। रामसेवक शर्मा ने संभागीय आयुक्त से मांग की है कि ऐसे भ्रष्ट प्राचार्य और लिपिक पर सख्त कार्रवाई की जाए और उन्हें उनका अर्जित अवकाश का भुगतान जल्द से जल्द किया जाए।

# मालवाहक वाहनों से अवैध वसूली तथा अन्य समस्याओं के निराकरण के लिये हेल्पलाइन नंबर जारी

**मुरैना,कांस।** विगत दिवस एमपी.आई.डी.सी. के विकास भवन बानमौर में आयोजित जिला स्तरीय उद्योग संवर्धन बोर्ड की बैठक में उद्योगपतियो एवं बानमौर उद्योग एसोसिएशन के द्वारा उठाये मुद्धे वाहनों से (मालवाहक) अवैध कर वसूली तथा अन्य समस्याओं के निराकरण हेतु हेल्पलाइन नंबर 9243344700 द्वारा जारी किया है। जिसके नोडल अधिकारी प्रबंधक श्री संजय सिंह चौहान एवं सहायक श्री विवेक जादौन एवं सहायक वर्ग-3 जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र मुरैना श्री अंकित त्यागी रहेगें।

# नूराबाद पुलिस ने हाईवे पर खड़े ट्रकों से स्टेपनी चोरी करने वाले गिरोह से 4 लाख कीमती मशरूका जब्त किया



**मुरैना,कांस।** दिनांक 31.05.25 को फरियादी बलवीर पुत्र बहादुर सिंह बघेल द्वारा थाना नूराबाद पर उपस्थित होकर रिपोर्ट की गई कि देवस्तन होटल के पास हाइवे किनारे खड़े उसके ट्रक से अज्ञात व्यक्तियों द्वारा स्टेपनी (रिम मय टायर) चोरी कर ली गई है, पुलिस अधीक्षक , श्री समीर सौरभ द्वारा उक्त चोरी के प्रकरण में अज्ञात आरोपियों की पतारसी, गिरफ्तारी एवं चोरी गए माल-मशरूका की बरामदगी हेतु थाना स्तर पर पुलिस टीम का गठन किया गया एवं थाना प्रभारी नूराबाद को आवश्यक निर्देश दिए गए। उक्त निर्देशों के तारतम्य में प्रभारी एसडीओपी बामौर श्रीमती बिन्दु परमार के मार्गदर्शन में निरीक्षक ओ.पी. रावत थाना प्रभारी नूराबाद एवं हमराह फोर्स द्वारा हाइवे स्थित होटल-ढाबों पर लगे सीसीटीव्ही कैमरों की फुटेज चैक की गई एवं मुखबिर तंत्र सक्रिय किया गया। पुलिस के सतत प्रयासों एवं सक्रिय मुखबिर तंत्र के फलस्वरूप दिनांक 02.06.2025 को मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर हाइवे पर खड़े वाहनों से स्टेपनी चोरी संबंधी प्रकरण में शामिल 05 शातिर आरोपियों को घटना के 02 दिवस के भीतर निरावली तिराहा के पास से गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी किया गया मशरूका 10 टायर, 05 रिम घटना में प्रयुक्त वाहन 01 ऑटो एवं 01 मोटर साइकिल कुल मशरूका कीमती करीबन 4,00,000/- रूपये का जब्त किया गया।

# बस ने लोडिंग में टक्कर मारी, एक दर्जन से अधिक घायल

**मुरैना,कांस।** स्टेशन रोड थाना क्षेत्र के गंजरामपुर के पास बस ने लोडिंग गाडी में टक्कर मार दी जिससे लोडिंग में सवार एक दर्जन से अधिक लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार संजय नगर से कुछ लोग लोडिंग गाडी क्रमांक एमपी07 जीए 8684 में सवार होकर जा रहे थे कि वे अभी गंजरामपुर के पास ही उनकी लोडिग गाडी जा रही थी कि उसी समय बस क्रमांक एमपी06 पी 0457 के चालक ने बस को तेजी व लापरवाही से चलाते हुए लोडिग में टक्कर मार दी जिससे लोडिग में सवार महेन्द्र, अरविन्द, गोलू, वीरेन्द्र, मोनू, संजू, मुन्नी, रूबी, वीकेश, शिवानी, संजना, अनीता, अतुल, दिव्याशु सभी जाति खटीक निवासीगण संजय कॉलौनी मुरैना घायल हो गए जिन्हें उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। थाना पुलिस ने फरियादी शनि पुत्र सियाराम खटीक निवासी संजय कॉलौनी की रिपोर्ट पर से आरोपी बस चालक के खिलाफविभिन्न धाराओं के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया है।

# ऑपरेषन मुस्कान के तहत थाना हजीरा पुलिस की कार्यवाही थाना क्षेत्र से अपहृत हुई नाबालिग बालिका को हजीरा पुलिस ने दबोह से दस्तयाब कर संदेही युवक को अभिरक्षा में लिया

**ग्वालियर।** 03.06.2025 वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ग्वालियर श्री धर्मवीर सिंह(भापुसे) के निर्देशानुसार ग्वालियर जिले में गुमशुदा बालक-बालिकाओं की दस्तयाबी हेतु प्रभावी कार्यवाही की जा रही है। उक्त निर्देषों के परिपालन में अति. पुलिस अधीक्षक (पूर्व/यातायात/अपराध) ग्वालियर श्री कृष्ण लालचंदानी(भापुसे) द्वारा अपने अधीनस्थ सभी थाना प्रभारियों को थाना क्षेत्र से गुमशुदा बालक-बालिकाओं की दस्तयाबी हेतु टीम बनाकर प्रभावी कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये। घटना का संक्षिप्त विवरणः- मीना(परिवर्तित नाम) निवासी हजीरा जिला ग्वालियर ने थाना पर रिपोर्ट लेख कराई थी कि वह दिनांक 15.05.25 के सुबह करीवन 08.00 बजे काम करने के लिए घर से निकल गई थी। घर पर मेरी बड़ी लडकी मुन्नी(परिविर्तत नाम) व उससे छोटी लड़की व लडका को घर पर छोड गई थी। बड़ी लडकी मुन्नी(परिविर्तत नाम) अपने छोटे भाई बहिन से दुकान पर जाने की कहकर गई थी जो काफी समय तक घर पर वापस नहीं आई। उसके बाद मैने आसपास व रिश्तेदारियों में पता किया कोई जानकारी नहीं मिली है मेरी लडकी को कोई व्यक्ति बहला फुसलाकर ले गया गया है। उसी मकान में किराये पर रहने वाले लड़के पर शंका है। फरियादिया की रिपोर्ट पर से थाना हजीरा में अप0क्र0 186/25 धारा 137(2) बीएनएस का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देषानुसार सीएसपी महाराजपुरा श्री नागेन्द्र सिंह सिकरवार के कुशल मार्गदर्शन में थाना प्रभारी हजीरा निरीक्षक षिवमंगल सिंह सेंगर के द्वारा थाना क्षेत्र से उक्त अपहृता की दस्तयाबी हेतु थाना बल की टीम को लगाया गया। दौराने विवेचना पुलिस टीम द्वारा अपहृता की दस्तयावी हेतु उसके रिष्तेदारों, संभावित स्थानों एवं संदेहियों से पूछताछ की गई एवं उक्त नाबालिग अपहृता की पतारसी हेतु मुखबिर तंत्र सक्रिय किये गये। थाना हजीरा पुलिस को तकनीकी सहायता के आधार पर जानकारी प्राप्त हुई कि उक्त अपहृता व संदेही युवक ग्राम विशनपुरा थाना दबोह जिला भिण्ड में हैं। सूचना पर दिनांक 01.06.2025 को पुलिस टीम ग्राम विशनपुरा थाना दबोह के लिए रवाना हुई और वहां पहुंचकर संदेही तथा अपहृता की तलाष की गई, पुलिस टीम को संदेही तथा अपहृता शास. कन्या.मा.वि. विशनपुरा के पास मिले।

# मुख्यमंत्री ने राजा भभूत सिंह द्वारा स्थापित पवित्र कोरकू श्रद्धा स्थल पर किया नमन

## कलाकारों को 5-5 हजार की प्रोत्साहन राशि देने की घोषणा

भोपाल ब्यूरो।



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मंगलवार को पचमढ़ी में अमलतास होटल पहुंचकर यहां स्थित कोरकू/मवासी समाज के पवित्र श्रद्धा स्थल पर नमन श्रद्धापूर्वक किया। इस दौरान कोरकू जनजातीय समाज के सदस्यों ने पारंपरिक गाथा नृत्य प्रस्तुत कर और समाज की परंपरागत रीति से मुख्यमंत्री डॉ यादव का भव्य स्वागत किया इस अवसर पर 26 सदस्यीय दल ने ढोलक, टिमकी और झांझ जैसे पारंपरिक वाद्य यंत्रों के साथ जनजातीय गाथा नृत्य की आकर्षक प्रस्तुति दी। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने भी झांझ मजीरा बजाकर जनजाति कलाकारों का उत्साह बढ़ाया और प्रोत्साहन स्वरूप कलाकारों 5-5 हजार की राशि देने की घोषणा की। कार्यक्रम के दौरान समाज के वरिष्ठ सदस्यों ने मुख्यमंत्री डॉ यादव को श्रद्धा स्थल की मान्यताओं और ऐतिहासिक पृष्ठभूमि की जानकारी भी दी।

# मुख्यमंत्री ने बॉम्बे ग्रीन और मणि प्रभा किस्म का स्वाद चख कर 'आम महोत्सव' का किया शुभारंभ

## आम प्रदर्शनी में 34 किस्म के आम के स्टॉल लगाए गए

भोपाल ब्यूरो।



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मंगलवार को पचमढ़ी के राज भवन परिसर में आम महोत्सव का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने मणि प्रभा एवं बॉम्बे ग्रीन किस्म के आम का स्वाद भी लिया। आम का रसास्वादन कर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने आम की मिठास और स्वाद की सराहना की। उन्होंने प्रदर्शनी में लाए गए देशी आम भी चखे। प्रदर्शनी में जम्बो केसर, सुंदरजा, कृष्ण भोग, लंगड़ा आम, गजरिया, मालदा आदि किस्मो की सराहना की। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री श्री जगदीश देवड़ा एवं श्री राजेंद्र शुक्ला के साथ-साथ लोक निर्माण मंत्री एवं नर्मदापुरम जिले के प्रभारी मंत्री श्री राकेश सिंह और मंत्रीगण ने भी आम का स्वाद चखा और आम की विभिन्न किस्मो की सराहना की। इस अवसर पर नरसिंहपुर के किसान श्री विजय पाल सिंह ने आम की विभिन्न किस्मो की टोकरी मुख्यमंत्री डॉ. यादव को भेंट की। आम उत्पादक किसान श्री सुभाष पटेल ने मुख्यमंत्री डॉ यादव को यथार्थ गीता पुस्तिका भेंट की।

### आम प्रदर्शनी में इन किस्मो का प्रदर्शन किया गया

मंगलवार को राजभवन पचमढ़ी में आयोजित आम महोत्सव में जिन किस्मो का प्रदर्शन किया गया उनमें आम्रपाली, लंगड़ा, दशहरी, चौसा, तोता परी, फ़ाज़ली, बंगाल पाली, तुर्रापर, शुकर गुठली, मिश्री, हापुस, स्वर्णप्रभा, काला पहाड़, हिमसागर, स्वर्णरेखा, रत्ना, केसर, रुक्मणी, साबनिया, नीलम, सिंधु, जहांगीर, प्यारी, रॉयल मिस्त्री, जर्दालू, सेंसेशन,रस भंडार और राम केला शामिल है।

# आबकारी अमले की छापामार कार्यवाही, मध्यप्रदेश से तस्करी किए गए शराब के कई ब्रांडों के साथ प्रॉपर्टी डीलर गिरफ्तार

रायपुर, कासं.।



आबकारी आयुक्त सह प्रबंध संचालक (छ्स्स्छ्रु) श्री श्याम धावडे, कलेक्टर डॉ गौरव सिंह के निर्देश पर आबकारी विभाग जिला रायपुर द्वारा अवैध मदिरा के विरुद्ध कार्यवाहियां जारी हैं । दिनांक 03/06/2025 को मुखबिर की सूचना पर रामसागर पारा अंतर्गत रामजी हलवाई मार्ग में आदेश्वर काम्प्लेक्स के पीछे आयल मिल रोड में एक व्यावसायिक परिसर में आबकारी विभाग के संयुक्त दल द्वारा छापामार कार्यवाही की गई। मौके पर आरोपी अनिल जैन के आधिपत्य के किराए के कमरे से मध्यप्रदेश प्रान्त की 21 नग बोतल ब्लेंडर प्राइड अल्ट्रा व्हिस्की , 27 नग बोतल रॉयल चैलेंज व्हिस्की, 22 नग रॉयल स्टैग व्हिस्की एवं 09 नग बोतल मैकडॉवेल नंबर वन व्हिस्की, कुल 79 बोतल अवैध मदिरा मात्रा 59.25 बल्क लीटर मूल्य ? 75060/- जब्त की गई । आरोपी अनिल जैन प्रॉपर्टी डीलिंग का काम करता है, जिसकी आड़ में अवैध मदिरा के कारोबार से भी जुड़ा होना पाया गया। आरोपी के कमरे से ट्रवेल बैग, मदिरा की खाली पेटियां और दर्जनों की संख्या में मदिरा की खाली बोतलें भी बरामद हुई हैं। अवैध मदिरा के इस कारोबार में अन्य कौन-कौन संदिग्ध शामिल हैं इसकी जांच करने के लिए आरोपी के मोबाइल फोन को जब्त किया गया है और नौकरों से पूछताछ की जा रही है। आरोपी के विरुद्ध छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम की धारा 34(2), 36, 59(क ) के तहत आबकारी उपनिरीक्षक विक्रम ठाकुर द्वारा प्रकरण पंजीबद्ध कर मामला विवेचना में लिया गया है 7 उक्त कार्यवाही में सहायक जिला आबकारी अधिकारी श्री टेक बहादुर कुर्रे , श्री आशीष सिंग आबकारी उपनिरीक्षक श्री कौशल सोनी, सुश्री नीलम स्वर्णकार, श्री प्रकाश देशमुख की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# घूसखोर बाबू रिश्वत लेते लोकायुक्त ने धरा



**मुरैना,कांस।** जनपद पंचायत पोरसा में घूसखोर बाबू को चार हजार रूपये की रिश्वत लेने लोकायुक्त टीम ने दबोच कर मामला दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार क्षेत्र के एक किसान ने ग्राम पंचायत सैथरा बाडई की सत्यापित जानकारी लेने हेतु सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत 23.12.2024 आवेदन प्रस्तुत किया था, जनपद पंचायत में सूचना का अधिकार शाखा के बाबू रामबलि रावत सहायक ग्रेड 2 ने आवेदक रामगोविन्द त्यागी से जानकारी देने के बदले पांच हजार रूपये रिश्वत की मांग की। जिसकी शिकायत आवेदक ने लोकायुक्त पुलिस को की गई पुलिस ने शिकायत सत्यापित कर छापा मार कार्यवाही करते हुए बाबू को चार हजार रूपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ पकड लिया और उसके खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।









स्वत्वाधिकारी,मुद्रक,प्रकाशक रामविलास शर्मा द्वारा चम्बल प्रिंटिंग प्रेस इण्डस्ट्रीज एरिया बानमोर से मुद्रित व एस 12 द्वितीय तल रायल प्लाजा पुराने हाईकोर्ट के सामने ग्वालियर से प्रकाशित । प्रधान संपादक रामविलास शर्मा मोबा.- 9329077393
email-chambalsurkhi@yahoo.com आर.एन.आई. पंजीयन नं MPHIN/2007/20705 सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र मुरैना रहेगा। कानूनी सलाहकार युवराज कुलश्रेष्ठ एडवोकेट मो.9229842150 फोन- (07532)- 225779,9827679954